● जयपुर, सोमवार 20 जनवरी 25 ● वर्ष 14 ● अंक 153 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

# चमकता राजस्थान

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार
''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 25 वर्षों से बीजीय मसालों के अनुसंधान एवं विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा...
पेज @4 जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने हमास एवं इजरायल युद्धविराम समझौते का...
पेज @8 संघ के ध्वज को प्रणाम करना ही संघ की सदस्यता है : राधेश्याम पारेता...

# मन की बात में पीएम मोदी ने किया महाकुंभ का जिक्र

**महाकुंभनगर/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वर्ष के पहले मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने महाकुंभ का भी प्रमुखता से जिक्र किया और एक बार फिर इसे एकता का महाकुंभ बताया। महाकुंभ पर पीएम मोदी की चर्चा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में भारत की एकात्मता के जीवंत प्रतीक, आध्यात्मिकता, समता और समरसता के महासमागम महाकुंभ के सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा कर हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के यशस्वी नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का महोत्सव महाकुंभ 2025 प्रयागराज हमारी सांस्कृतिक धरोहरों व परंपराओं से आज संपूर्ण विश्व का साक्षात्कार करा रहा है।

प्रधानमंत्री द्वारा महाकुंभ में युवाओं की बढ़ती भागीदारी पर सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का युवाओं के लिए गर्व के साथ अपनी सभ्यता, संस्कृति के अनुगमन का संदेश उन्हें एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

## सीएम योगी ने जताया आभार



इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में त्रिवेणी तट पर लगे महाकुंभ पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का श्रीगणेश हो चुका है। चिरस्मरणीय जनसैलाब, अकल्पनीय दृश्य और समता, समरसता का असाधारण संगम दिखाई दे रहा है। इस बार कुंभ में कई दिव्य योग बन रहे हैं। ये उत्सव विविधता में एकता का उत्सव मनाता है। संगम की रेती पर पूरे भारत के, पूरे विश्व के लोग जुटते हैं। हजारों वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में कहीं कोई भेदभाव नहीं, जातिवाद नहीं। इसमें भारत के दक्षिण से लोग आते हैं, भारत के पूर्व और पश्चिम से लोग आते हैं। कुंभ में गरीब, अमीर सब एक हो जाते हैं। सब लोग संगम में डुबकी लगाते हैं। एक साथ भंडारों में भोजन करते हैं, प्रसाद लेते हैं, तभी तो कुंभ एकता का महाकुंभ है। यह आयोजन हमें ये भी बताता है कि कैसे हमारी परंपराएं पूरे भारत को एक सूत्र में बांधती हैं। उत्तर से दक्षिण तक मान्यताओं को मानने के तरीके एक जैसे ही हैं। एक तरफ प्रयागराज, उज्जैन, नासिक और हरिद्वार में कुम्भ का आयोजन होता है, वैसे ही दक्षिण भूभाग में गोदावरी, कृष्णा, नर्मदा और कावेरी नदी के तटों पर पुष्करम होते हैं। ये दोनों ही पर्व हमारी पवित्र नदियों से उनकी मान्यताओं से जुड़े हुए हैं। इसी तरह अनेक ऐसे मंदिर हैं जिनकी परंपराएं कुंभ से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने खुशी और संतोष जताया कि महाकुंभ में युवाओं की बड़ी भागीदारी दिख रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उरीमारी के लुरुंगा जंगल में चाल धंसने से दो मजदूरों की हुई मौत



**रामगढ़।** हजारीबाग जिले के उरीमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत लुरुंगा जंगल में कोयले का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। मजदूर अवैध माइंस में घुसकर कोयले का खनन कर रहे हैं। शनिवार की शाम लुरुंगा जंगल में अवैध माइंस में चाल धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की खबर है। मृतको में लुरूंगा बस्ती निवासी राहुल कुमार गंझू और रवि कुमार गंझू नामक युवक शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पूरे गांव के लोग घटनास्थल पर जुड़ गए और सब को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह यह पता चला है की मोटरसाइकिल से कुछ मजदूर कोयला निकालने के लिए गए हुए थे। जिसमें से दो मजदूर चाल धंसने से मरे हैं। इस मामले में ग्रामीणों के बयान के आधार पर कार्रवाई होगी।

### मणिपुर में तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों के संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाए गए। इस दौरान थौबल जिले के लिलोंग थाना क्षेत्र के उशोइपोकपी की पहाड़ी तलहटी से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। बरामद सामान में एक सिंगल बोर बैरल (स्नाइपर), एक देसी राइफल, एक अमोघ कार्बाइन मैगजीन, तीन .303 मैगजीन, एक एचई हैंड ग्रेनेड, एक डेटोनेटर, 7.62 ७ 39 मिमी की 5 जीवित गोलियां, .32 की छह जीवित गोलियां, 9 मिमी की एक जीवित गोली, .303 की छह खाली खोलियां, 7.62 मिमी (एसएलआर) की चार खाली खोलियां, 7.62 ७ 39 मिमी की छह खाली खोलियां, एक ग्रीन स्मोक 80एमके वन, दो स्टन शेल (एन), तीन टियर स्मोक शेल, तीन टीवाईटी रेडियो सेट, तीन चार्जर और एक अडैप्टर शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों के माध्यम से क्षेत्र में सुरक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया है।

### प्रधानमंत्री ने एनडीआरएफ को स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के बहादुर कर्मियों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा की सराहना करते हुए बल के स्थापना दिवस के अवसर पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। शुक्रवार को प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा, 'राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के स्थापना दिवस के इस विशेष अवसर पर हम उन बहादुर कर्मियों के साहस, समर्पण और निस्वार्थ सेवा को सलाम करते हैं जो विपत्ति के समय एक ढाल की तरह काम करते हैं। जीवन बचाने, आपदाओं का जवाब देने और आपात स्थितियों के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी अटूट प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। एनडीआरएफ ने आपदा प्रतिक्रिया और प्रबंधन में वैश्विक मानक भी स्थापित किए हैं।'

# महाकुंभ में लगी आग

## शिविरों में रखे कई सिलेंडर फटे, सीएम योगी ने लिया जायजा

# गीता प्रेस के शिविर में दर्जनों टेंट जलकर खाक, कोई हताहत नहीं

एजेंसी

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के मेला क्षेत्र में रविवार की दोपहर भीषण आग लग गई। तुलसी मार्ग पर स्थित सेक्टर-19 के रेलवे पुल के नीचे गीता प्रेस गोरखपुर के शिविर में लगी आग देखते ही देखते विकराल हो गई। सिलेंडरों के फटने से आग एक से दूसरे शिविर की ओर बढ़ती गई। कुछ मिनटों में ही आग ने दर्जनों टेंटों में मौजूद सौ से ज्यादा कुटिया को खाक कर दिया। यहां रखा गृहस्थी का सामान भी पूरी तरह जल गया। जिस दौरान नीचे टेंट में आग लगी पुल के ऊपर से ट्रेन भी गुजर रही थी। संयोग से लपटें ट्रेन तक नहीं पहुंचीं। आग के बाद मची भगदड़ में एक व्यक्ति घायल भी हुआ है। छोटा सिलेंडर फटने से आग की बात कही जा रही है।

फिलहाल राहत की बात यही है कि कोई जनहानि नहीं हुई है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। यह भी कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। प्रयागराज में ही मौजूद सीएम योगी ने भी आग का संज्ञान लिया और अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाने और राहत कार्य में लगने का आदेश दिया। खुद मुख्यमंत्री भी मौके पर पहुंच गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी फोन पर सीएम योगी से बात की और आग पर जानकारी ली है।

बताया जा रहा है कि सेक्टर-19 में गीता प्रेस, निर्मल बाबा और हनुमान सेवा समिता का शिविर था। गीता प्रेस वाले शिविर में सबसे पहले अचानक आग लगी। पता चला कि सिलेंडर लीक होने से आग लगी। कुछ लोगों ने किसी चिंगारी के कारण आग लगने की बात कही। आग के बाद सिलेंडरों को लेकर लोग बाहर की ओर भागते भी दिखाई दिए। मौके पर कुछ देर में ही सभी रेस्क्यू दल पहुंच गए। एनडीआरएफ भी मौके पर आ गई। शिविर के अंदर से लगातार हल्के हल्के विस्फोट की आवाजें आती रहीं। मौके पर एंबुलेंस भी बुला ली गई। मुख्य अग्निशमन शिविर से चार बड़ी फायर बिग्रेड और आठ बुलेट भी रवाना की गई है। मीडिया सेंटर से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां रवाना की गईं।

तमाम आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए। डीआईजी वैभव कृष्ण भी मौके पर आ गए। बीएसएफ को भी बुलाया गया है। मेलाधिकारी और एसएसपी कुम्भ भी मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का प्रयास शुरू हुआ और करीब एक से डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।



### सीएम योगी ने लिया संज्ञान

कुंभ मेला क्षेत्र में लगी आग पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया। प्रयागराज महाकुंभ को लेकर सीएम योगी रविवार को प्रयागराज में ही थे। जैसे ही उन्हें घटना की जानकारी मिली, वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों से आग की घटना में हुई क्षति की जानकारी ली। पैदल वे घटनास्थल पर पहुंचे। अगलगी की घटना के बाद तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। मेला क्षेत्र में लगी आग के मामले में एडीजी ने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच होगी। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया है।

### पीएम मोदी ने ली जानकारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकुंभ 2025 के दौरान लगी आग की घटना की जानकारी ली है। उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को फोन कर घटना के बारे में जानकारी हासिल की। महाकुंभ में आग लगने की घटना के बारे में उन्होंने पूछा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेले में मौजूद होने और आग लगने की घटना को लेकर विस्तार से जानकारी दी। पीएम को यह भी बताया गया कि आग पर काबू पा लिया गया है। इसमें किसी प्रकार के जान माल की क्षति नहीं पहुंची है। इसके बारे में भी पीएम को बताया गया है।

## असम एसटीएफ ने वांछित जिहादी को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) का 'ऑपरेशन प्रघात' लगातार चल रहा है। एसटीएफ ने रविवार को धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा से वांछित जिहादी जाहिर अली को गिरफ्तार किया है। असम पुलिस मुख्यालय के अनुसार असम एसटीएफ ने धुबड़ी जिले के बिलासीपाड़ा से वांछित जिहादी जाहिर अली को गिरफ्तार किया है। आरोपित जाहिर अली, धुबड़ी जिले के बिलासीपारा थाना क्षेत्र के खुड़ीगांव पार्ट-2 गांव का निवासी है। असम एसटीएफ एक मामले की जांच के दौरान अब तक 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिनमें एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है। एसटीएफ के अनुसार बांग्लादेशी नागरिक मोहम्मद साद रदी उर्फ शब शेख, जो राजशाही, बांग्लादेश का निवासी है, को भारत में संदिग्ध गतिविधियों के लिए भेजा था। ये सभी अंसारुल्लाह बांग्ला टीम के प्रमुख जसीमुद्दीन रहमानी के करीबी सहयोगी मोहम्मद फरहान इस्त्राक के निर्देश पर भारत में कट्टरपंथी विचारधारा फैलाने के मिशन पर थे। एसटीएफ प्रमुख डॉ. पार्थ सारथी महंत के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

## सैफ अली खान के संदिग्ध हमलावर को २४ जनवरी तक पुलिस कस्टडी

एजेंसी

**मुंबई।** फिल्म अभिनेता सैफ अली खान पर हमला करने वाले संदिग्ध आरोपित मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद को आज तड़के ठाणे जिले के कासारवडवली इलाके से गिरफ्तार करके रविवार को दोपहर में कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे 24 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इस घटना में घायल सैफ अली खान का बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल में इलाज हो रहा है। इस मामले की गहन छानबीन बांद्रा पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

मुंबई पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपित ने 16 जनवरी की तड़के बांद्रा में फिल्म अभिनेता सैफ अली खान के घर में चोरी के इरादे से घुसा और सैफ अली खान पर कई बार चाकू से हमला किया। प्राथमिक जांच में आरोपित पर बांग्लादेशी होने का शक है। इसलिए मामले का अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन पता लगाना जरूरी है। इसलिए इस मामले की गहन छानबीन के लिए आरोपित की 14 दिन तक पुलिस कस्टडी जरूरी है। इसके बाद आरोपित के वकील ने कोर्ट को बताया कि वह पिछले सात साल से मुंबई में रहता है। उसके पास से कुछ भी बरामद नहीं किया गया है। इसलिए इस मामले में पुलिस कस्टडी की जरूरत नहीं है, लेकिन कोर्ट ने आरोपित को 24 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

## 26 जनवरी से उत्तराखंड में लागू हो जाएगा यूनिफॉर्म सिविल कोड, बनेगा देश का पहला राज्य

**देहरादून/एजेंसी।**

उत्तराखंड सरकार 26 जनवरी से राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसा करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य होगा। बता दें कि इससे पहले, नियम और कार्यान्वयन समिति की सलाह के बाद सरकार ने कुछ बदलावों को समीक्षा के लिए विधायी विभाग को भेजा था। समीक्षा किए गए नियमों को विभाग द्वारा अप्रूव किया गया है। समीक्षा किए गए नियमों को कल धामी कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने की संभावना है। वहीं, इस कानून को लेकर कर्मचारियों के लिए ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण सत्र चलाया जा रहा है, जिसके 22 जनवरी तक पूरा होने की उम्मीद है। बता दें कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने कहा था कि जनवरी से उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने अपना 'होमवर्क' पूरा कर लिया है और जनवरी 2025 से पूरे राज्य में समान नागरिक संहिता लागू हो जाएगी।

### ● क्या होता है यूनिफॉर्म सिविल कोड?

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है कि देश में रहने वाले सभी नागरिकों (हर धर्म, जाति, लिंग के लोग) के लिए एक ही कानून होना। अगर किसी राज्य में सिविल कोड लागू होता है तो विवाह, तलाक, बच्चा गोद लेना और संपत्ति के बंटवारे जैसे तमाम विषयों में हर नागरिकों के लिए एक से कानून होगा। संविधान के चौथे भाग में राज्य के नीति निदेशक तत्व का विस्तृत ब्यौरा है जिसके अनुच्छेद 44 में कहा गया है कि सभी नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता लागू करना सरकार का दायित्व है।

गणतंत्र दिवस परेड > गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी

# फ्लाईपास्ट करेंगे 40 एयरक्राफ्ट, ध्रुव-तेजस नहीं भरेंगे उड़ान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश के गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के लिए सेना के जवान कड़ाके की ठंड में रिहर्सल करके पसीना बहा रहे हैं। परेड के दौरान कर्तव्य पथ पर झांकियों के माध्यम से 'स्वर्णिम भारतः विरासत और विकास' को प्रदर्शित किया जाएगा। वायु सेना के 40 एयरक्राफ्ट फ्लाईपास्ट करेंगे, जिनमें 22 फाइटर एयरक्राफ्ट होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार भारतीय वायु सेना की कोई भी झांकी नहीं होगी।

● डीआरडीओ परेड में झांकी के जरिए प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा



वायु सेना के विंग कमांडर मनीष शर्मा ने बताया कि कुल 40 एयरक्राफ्ट रिपब्लिक-डे परेड का हिस्सा बनेंगे। फ्लाईपास्ट में 22 लड़ाकू विमानों, 11 परिवहन विमानों और 7 हेलीकॉप्टरों की शक्ति का प्रदर्शन किया जाएगा। इनमें राफेल, सुखोई-30 और सी-130जे हरक्यूलिस कर्तव्य पथ पर हवाई करतब दिखाएंगे। इसके अलावा तीन डोर्नियर विमान भी गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा होंगे। इस बार एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव और स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस परेड के दौरान उड़ान भरते नहीं दिखेंगे। इस माह की शुरुआत में गुजरात के पोरबंदर में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, इसीलिए एएलएच ध्रुव को अभी भी जमीन पर ही रखा गया है और इसका इस्तेमाल फ्लाईपास्ट के लिए नहीं किया जाएगा।

### वायु सेना ने तैयार की नई पॉलिसी

विंग कमांडर ने स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस को परेड का हिस्सा न बनाने के बारे में बताया कि इस बार भारतीय वायु सेना ने गणतंत्र दिवस परेड के लिए नई पॉलिसी तैयार की है। इसके मुताबिक, तेजस लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को शानदार प्रदर्शन के बावजूद सिंगल इंजन होने के कारण बाहर रखा गया है। हालांकि, तेजस ने पहले भी गणतंत्र दिवस परेड के अलावा दुबई और सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय एयर शो में उड़ान भरी है। उन्होंने बताया कि फ्लाईपास्ट को दो भागों में बांटा गया है। दूसरे हिस्से में जटिल संरचनाएं और सटीक युद्धाभ्यास दिखाए जाएंगे।

### इन राज्यों की झांकियां होंगी शामिल

इस बार परेड में आंध्र प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली के साथ दमन व दीव, गोवा, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, पंजाब, त्रिपुरा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा केंद्र सरकार के 11 मंत्रालयों और विभागों की भी झांकियां परेड में दिखाई देंगी। चयनित झांकियां देश की विविध शक्तियों और इसकी निरंतर विकसित होती सांस्कृतिकता को प्रदर्शित करेंगी, जो गौरवशाली भविष्य की ओर अग्रसर है। डीआरडीओ परेड में झांकी के जरिए प्रलय सामरिक बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन करेगा।

## डल्लेवाल के समर्थन में बैठे १२१ किसानों का अनशन समाप्त

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल का अनशन रविवार को 55वें दिन भी जारी रहा। उनके समर्थन में पांच दिनों से अनशन पर बैठे 121 किसानों ने रविवार को अनशन समाप्त कर दिया। पंजाब व हरियाणा के यह किसान खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठे थे। जिसके चलते करीब दो दर्जन किसानों की तबियत बिगड़ गई व खून की उल्टियां आना शुरू हो गईं। डल्लेवाल व अन्य किसान नेताओं की अपील पर 121 किसानों ने आज दोपहर अनशन समाप्त कर दिया और उपचार करवाने के लिए राजी हो गए।

किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ ने रविवार को मोर्चे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि किसानों के साथ एमएसपी व अन्य मुद्दों पर, जहां बात 18 फरवरी 2024 को समाप्त हुई थी अब केंद्र सरकार बिना किसी शर्त के वहीं से बातचीत शुरू करने के लिए तैयार हो गई है। उन्होंने कहा कि किसान संगठन चाहते थे कि यह बैठक दिल्ली में की जाए। केंद्र की टीम ने कहा कि पहले दौर की बैठक चंडीगढ़ में होगी, उसके बाद अगली बैठक दिल्ली में की जाएगी। इस बैठक में जगजीत सिंह डल्लेवाल भी मौजूद रहेंगे। हरियाणा पुलिस के हिसार जिले के किसानों को भेजे गए नोटिसों पर अभिमन्यु कोहाड़ ने सभी किसानों से अपील की कि वह किसी भी जांच में शामिल न हों। उनके विरूद्ध दर्ज किए गए केसों को खारिज करवाया जाएगा।

# शिक्षा का प्रसार : दावे और हकीकत

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में यूपीए के शासन के समय देश में शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 कानून बनाया गया था जिसके तहत 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों को मुफ़्त और अनिवार्य शिक्षा देने की व्यवस्था है। यह मौलिक अधिकार है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 21अ के तहत, 6 से 14 साल के सभी बच्चों को मिला है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत भी इस अधिकार को सुनिश्चित किया गया है।

सवाल है कि क्या यह कानून धरातल लागू हो पाया? क्या देश के अधिकांश गरीब परिवारों को इस कानून की जानकारी दी गयी है? क्या देश की सरकारें स्कूल्स को वह बुनियादी ढांचा मुहैय्या करा रही हैं जिसकी उन्हें ज़रुरत है? खासकर देश के सरकारी स्कूल्स का क्या हाल है इन को लेकर सरकार की क्या नीयत है? वर्तमान सत्ताधारी प्रायः यह कहते भी सुनाई देते हैं कि युवा नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि स्वयं नौकरी देने योग्य बनें। यह बात सुनने में तो कानों को भाती ज़रूर हैं पर यह हकीकत से कोसों दूर है। कोई भी युवा जो खुद नौकरी की तलाश में है उसे पहले तो शिक्षित व आर्थिक रूप से संपन्न होना ज़रूरी है। परंतु इस समय देश के अधिकांश उत्तर भारतीय राज्यों से स्कूल्स के संबंध में जो समाचार आते हैं उन्हें देखकर तो सरकार के शिक्षा के प्रसार के दावों पर सवाल उठना लाज़मी है।

पिछले दिनों राजस्थान से एक खबर आई जिससे पता चला कि राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा गत मात्र 10 दिनों के भीतर ही लगभग 500 सरकारी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी द्वारा गत 16 जनवरी को ही राज्य में 260 सरकारी स्कूल बंद होने का आदेश जारी किया गया। इसी तरह लगभग 10 दिन पहले भी 190 सरकारी स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। इसी राज्य में कई स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी बच्चे ने एडमिशन नहीं लिया है। वहीं निजी स्कूलों में छात्र–छात्राओं की संख्या में लगातार वृद्धि होती जा रही है। दूसरी ओर सरकारी स्कूल तमाम कथित प्रयासों के बाद भी लगातार बंद होते जा रहे हैं। इसी तरह यदि मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी वार्षिक आंकड़ों पर नज़र डालें तो पता चलता है कि शैक्षणिक सत्र 2024–25 में 5500 सरकारी स्कूल ऐसे हैं, जहां पहली कक्षा में एक भी छात्र भर्ती नहीं हुआ है। यानि इन स्कूलों में अब पहली कक्षा ज़ीरो ईयर घोषित की जाएगी। वहीं करीब 25 हज़ार स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक या दो बच्चों के एडमिशन ही हुए हैं। प्रदेश में 11,345 स्कूलों में केवल 10 एडमिशन हुए। इसी तरह करीब 23 हज़ार स्कूल ऐसे हैं जहां मात्र तीन चार अथवा पांच बच्चों ने ही एडमिशन लिया है । प्राप्त समाचारों के अनुसार अब तक कुल मिलाकर लगभग 500 स्कूल्स में ताला पड़ चुका है। यदि अगले शैक्षणिक सत्र में भी यही हाल रहा तो प्रदेश के हज़ारों सरकारी स्कूल बंद हो जाएंगे।

दरअसल इसे आम धारणा कहें या कड़वी सच्चाई कि केवल निजी स्कूलों में ही अच्छी शिक्षा दी जाती है जिसकी वजह से अधिकतर लोग अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में करवाना ही पसंद करते हैं। यही कारण है कि निजी स्कूल सिस्टम, सरकारी स्कूल सिस्टम पर पूरी तरह हावी हो गया है। ज़ाहिर है राजस्थान व मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों के स्कूल्स में विद्यार्थियों की घटती संख्या पूरे समाज के लिये चिंता का विषय है। यहाँ प्रथम कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के करीब 23 लाख स्कूली छात्र ऐसे हैं, जो शैक्षणिक सत्र 2023–24 पूरा करने के बाद वापस स्कूल नहीं लौटे। आश्चर्य है कि इन बच्चों ने किसी अन्य विद्यालय में भी दाखिला नहीं लिया है। ज़ाहिर है इतनी बड़ी तादाद में छात्रों का स्कूल छोड़ना अब स्कूल शिक्षा विभाग के लिए परेशानी का सबब बन गया है। अधिकारी इस बात को लेकर मंथन कर रहे हैं कि किस प्रकार छात्रों को वापस स्कूल बुलाया जाए।

बताया जाता है कि मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों की भी भारी कमी है। यहां 80 हज़ार से ज़्यादा अतिथि शिक्षकों को शिक्षण कार्य हेतु लगाया गया है। परंतु इन अतिथि शिक्षकों के पास न तो बच्चों को पढ़ाने का पर्याप्त अनुभव है और न ही इन्हें विभागीय प्रशिक्षण हासिल है। मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति प्रायः इतनी बदहाल है कि अनेक स्कूल्स में आज भी पुस्तकालय, पीने का पानी, बिजली और हाथ धोने तक की बुनियादी सुविधाओं की कमी है। विगत पांच वर्षों में शिक्षकों की संख्या में तथा विद्यार्थियों की भर्ती दोनों में भारी कमी आई है और हज़ारों सरकारी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। इन बातों से स्पष्ट है कि प्रदेश के सरकारी स्कूलों की स्थिति को सुधारने में भाजपा सरकार बुरी तरह असफल हुई है और भाजपा के शिक्षा प्रसार के दावे भी महज़ एक जुमला साबित हो रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम में पढ़ाना चाहते हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम के टीचर ही नहीं हैं। वहीं, सरकारी स्कूल में बच्चों को दिया जाने वाला मध्यान्ह भोजन और निःशुल्क यूनीफ़ॉर्म व किताब वितरण बच्चों को स्कूल तक लाने में कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। दूसरी तरफ निजी स्कूलों में प्रायः बच्चों की सभी मूलभूत सुविधाओं का खयाल रखा जाता है।

हां, दिल्ली के सरकारी स्कूल्स इस मामले में अपवाद जरूर कहे जा सकते हैं। दिल्ली के सरकारी स्कूल देखने के लिये अनेक विदेशी मंत्री व विशिष्ट व्यक्ति तो आते ही रहते हैं स्वयं अमेरिकी शिक्षक भी दिल्ली का स्कूल मॉडल देखने आते रहे हैं। पिछले दिनों अमेरिका से आए 13 शिक्षकों के एक दल ने दिल्ली के सरकारी स्कूल्स में उपलब्ध सुविधाओं को देखा तथा इनसे बहुत प्रभावित हुये। गौरतलब है कि दिल्ली सरकार द्वारा 'स्कूल ऑफ एक्सीलेंस' की शुरुआत की गयी है। जहां पर प्रत्येक प्रतिभावान,हर वर्ग, हर परिवारिक पृष्ठभूमि, हर आर्थिक पृष्ठभूमि का छात्र बेहतर शिक्षा हासिल कर सकने में सक्षम है। सरकारी स्कूल्स में शिक्षा की बात तो दूर यदि आप गौर करें तो धीरे धीरे बस अड्डों, रेलवे स्टेशन व अन्य सार्वजनिक स्थलों से भी आहिस्ता आहिस्ता बुक स्टाल्स समाप्त होते जा रहे हैं। हज़ारों सरकारी व निजी पुस्तकालय बंद हो चुके हैं तथा उनके भवनों का दूसरा उपयोग किया जा रहा है। इन हालात को देखकर तो यही कहा जा सकता है कि सरकार के शिक्षा का प्रसार के दावे और हकीकत में काफी अंतर है।

# राजनैतिक पूंजी गंवा चुकी 'आप' के समक्ष किला बचाने की चुनौती



विकास सक्सेना

दिल्ली की सत्ता पर पिछले दस साल से काबिज आम आदमी पार्टी को इस बार के विधानसभा चुनाव में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अण्णा हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के गर्भ से जन्मे इस राजनैतिक दल के नेता खुद भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। जिस राजनैतिक जमा पूंजी के साथ इस राजनैतिक दल का गठन किया गया था, बीते एक दशक में ही उसके नेताओं ने इसे पूरी तरह गंवा दिया है। पार्टी की स्थापना के समय जो उच्च नैतिक मानदंड और आदर्श स्थापित किया गए थे वे दूर–दूर तक पार्टी नेताओं के व्यवहार में नजर नहीं आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल विपक्ष के साथ–साथ अपने पूर्व सहयोगियों के भी निशाने पर हैं।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान अण्णा हजारे के नेतृत्व में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन शुरू हुआ। उस समय टू जी स्पेक्ट्रम, कामनवेल्थ गेम्स, आदर्श हाउसिंग सोसाइटी और कोयला घोटाले जैसे लाखों करोड़ रुपये के घपलों के समाचार लगातार मीडिया की सुर्खियां बन रहे थे। तत्कालीन मनमोहन सिंह सरकार के दौरान हुए घोटालों के खिलाफ सीएजी की रिपोर्ट और न्यायालय के आदेशों से लोगों को लगने लगा था कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग या तो खुद भ्रष्टाचार में लिप्त या भ्रष्टाचारियों को उनका संरक्षण प्राप्त है। लगातार दूसरी बार देश की सत्ता पर काबिज होने से कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का दंभ चरम पर था। भ्रष्टाचार से जुड़े हर सवाल के जवाब में वे एक ही बात कहते नजर आते थे कि 2009 के आम चुनाव में दूसरी बार सत्ता सौंप कर देश की जनता ने उन्हें क्लीन चिट दे दी है। ऐसे में समाजसेवी अण्णा हजारे के नेतृत्व में इण्डिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले दिल्ली के जन्तर–मन्तर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया गया। इस आंदोलन की सिर्फ एक मांग थी कि देश में जनलोकपाल बनाया जाए। असीम शक्तियों से सम्पन्न यह जनलोकपाल देश से भ्रष्टाचार को खत्म कर देगा। इसी समय योग गुरू बाबा रामदेव ने भी विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने की मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन शुरू किया। जिसे सरकार ने निर्ममता पूर्वक कुचल दिया।

देश की जनता राजनेताओं, बड़े कॉरपोरेट घरानों और नौकरशाही की दुरूभि संधि से दिनों–दिन बढ़ते भ्रष्टाचार को अपने दैनिक जीवन में महसूस कर रही थी। जनलोकपाल का जो खाका अण्णा हजारे के आंदोलन के समय पेश किया गया उसे देख कर लोगों ने महसूस किया कि इससे भ्रष्टाचार की समस्या पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस के नेताओं ने जनलोकपाल बनाने की मांग का उपहास करते हुए आंदोलन से जुड़े नेताओं को खुद राजनीति में आकर इस तरह का कानून बनाने की चुनौती दी। अण्णा आंदोलन को देशभर में मिले व्यापक जनसमर्थन और तत्कालीन सत्ताधारी दल कांग्रेस के विरुद्ध तैयार हो रहे जनमत से उत्साहित आंदोलन से जुड़े कुछ नेताओं ने राजनैतिक क्षेत्र में व्याप्त गंदगी को साफ करने के लिए लिए स्वयं इस दलदल में उतरने की योजना बनाई। हालांकि अण्णा हजारे इस आंदोलन से जुड़े लोगों के राजनीति में उतरने के विचार से सहमत नहीं थे।



वैकल्पिक राजनीति के नए विचार के साथ अरविन्द केजरीवाल, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी आदि ने एक नया राजनैतिक दल बनाने की योजना तैयार की और इसे नाम दिया गया– आम आदमी पार्टी। इस राजनैतिक दल की औपचारिक घोषणा के लिए दिन चुना गया 26 नवम्बर 2012 का ताकि देश की जनता को भारत के संविधान के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का सीधा संदेश दिया जा सके। संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को ही देश के संविधान को स्वीकृति प्रदान की थी। इसी समय पार्टी की विचारधारा को स्पष्ट करते हुए अरविन्द केजरीवाल ने कहा था 'हम आम आदमी हैं। अगर वामपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से विचार उधार ले लेंगे और अगर दक्षिणपंथी विचारधारा में हमारे समाधान मिल जायें तो हम वहां से भी विचार उधार लेने में खुश हैं।' आम आदमी पार्टी की स्थापना के समय सबसे ज्यादा जोर देते हुए कहा गया कि अब तक देश की सत्ता पर काबिज रहे राजनैतिक दलों में तमाम प्रकार के दुर्गुण आ गए हैं। नया दल इन दुर्गुणों से मुक्त रहकर नए प्रकार से राजनीति करते हुए देश को वैकल्पिक राजनीति का मॉडल देगा। उस समय ऐलान किया गया कि इस दल में 'हाई कमान कल्चर' नहीं होगा, सभी निर्णय सामूहिक तौर पर लिए जाएंगे। पार्टी नेताओं को भ्रष्ट आचरण से दूर रखने के लिए पार्टी का अपना लोकपाल होगा जो सभी नेताओं की निगरानी करेगा। बड़े–बड़े आदर्शों के साथ शुरू हुई आम आदमी पार्टी ने चंद महीनों के भीतर खुद को पारंपरिक राजनीति के अनुरूप ढालना शुरू कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2013 में पहली बार जनता की अदालत में पहुंची आम आदमी पार्टी के 28 उम्मीदवारों को लोगों ने विधानसभा पहुंचा दिया। सत्ता की चाह में बच्चों की कसम और सभी आदर्शों को भुलाकर अरविन्द केजरीवाल ने कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली। इसके बाद एक–एक करके उन सारे आदर्शों को तिलांजलि दे दी गई जिनकी बात 26 नवम्बर 2012 को की गई थी। पार्टी के अधिकांश संस्थापक सदस्यों प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, शाजिया इल्मी, कुमार विश्वास आदि ही नहीं बल्कि पार्टी के आंतरिक लोकपाल एडमिरल रामदास तक को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। आम आदमी पार्टी से जुड़े नेता सत्ताधारी पार्टी के नेताओं को सादगी पूर्ण जीवन की बात कहते हुए छोटे मकान, छोटी कार और सीमित सुरक्षा की नसीहत देते थे लेकिन सत्ता में आते ही आआपा नेता उन सभी सुख–सुविधाओं को भोगते नजर आ रहे हैं जिसे लेकर वे राजनेताओं की तीखी आलोचना किया करते थे। खासतौर पर अरविन्द केजरीवाल पर कोरोना काल में अपने सरकारी आवास की मरम्मत पर 33 करोड़ रुपये खर्च करने के आरोप लगे। लाखों रुपये के पर्दे, टॉयलेट और टायल्स आदि को लेकर चर्चा में आया उनका आवास शीशमहल के तौर पर आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके अलावा अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन समेत पार्टी के तमाम नेता और मंत्री महिला उत्पीड़न, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में जेल की हवा खा चुके हैं। जहां तक हाईकमान संस्कृति की बात है तो ऐसा लगता है कि अरविन्द केजरीवाल अब पार्टी के स्थायी राष्ट्रीय संयोजक हो चुके हैं। उनके शब्द पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए अंतिम आदेश है और मुख्यमंत्री पद के एकमात्र दावेदार भी वही होंगे। अगर मजबूरी में कोई दूसरा मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर भी बैठेगा तो उसे 'भरत भाव' में रहना होगा।

भ्रष्टाचार विरोधी अण्णा आंदोलन के गर्भ से जन्मी आम आदमी पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी उसके नेताओं की भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रतिबद्धता और सादगी पूर्ण जीवन थी। लेकिन इन दोनों मामलों में आआपा नेताओं खासा निराश किया। पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनने के बाद दिल्ली में जनलोकपाल बनाने की कोशिश करने वाली आआपा ने पंजाब में सरकार बनने के बाद जनलोकपाल का नाम भी नहीं लिया है। भ्रष्टाचार के आरोपित और सजायाफ्ता नेताओं के साथ मंच साझा किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं शराब घोटाले में जेल जाने के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा न देकर अरविन्द केजरीवाल ने आआपा की सारी राजनैतिक पूंजी गंवा दी। दिल्ली विधानसभा चुनाव सीधे तौर पर केजरीवाल के राजनैतिक अस्तित्व से जुड़ा है, ऐसे में उनके पास अपना राजनैतिक किला बचाने के लिए लोकलुभावन घोषणाओं का ही सहारा बचा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# भारत के लिए चेतावनी है कैलिफोर्निया की जंगल की आग



प्रियंका सौरभ

पिछले हफ़्ते से लॉस एंजिल्स में अग्निशामक दल विनाशकारी जंगल की आग को बुझाने के लिए हताशा से भरी मुहिम में जुटे हुए हैं। इस दावानल ने कई लोगों की जान ले ली और दो लाख से ज़्यादा निवासियों को विस्थापन के लिए मजबूर कर दिया है। आग ने प्रशांत पैलिसेड्स और अल्ताडेना जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में कहर बरपाया है। इस आपदा ने घरों, पूजास्थलों और महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे को बर्बाद कर दिया है, जिससे कई लोगों को आश्रयों में रहना पड़ा है और हजारों लोग बिना बिजली के रह गए हैं। आग से हुए आर्थिक नुकसान की स्थिति चौंकाने वाली है। अनुमान के मुताबिक $135 बिलियन से $150 बिलियन के बीच यह नुकसान है। यह अमेरिका के इतिहास में दावानल से होने वाला सबसे बड़ा आर्थिक नुकसान है। इस विनाशकारी आग से मिट्टी की उर्वरता, जल प्रणालियों, वन्य जीवों के नुकसान और वायु पर पड़े खराब गुणवत्ता का असर लंबे समय तक बने रहने की आशंका है।

कैलिफ़ोर्निया में शहरी प्रबंधन पर सवाल उठ रहे हैं। बढ़ते वैश्विक तापमान और लंबे समय तक सूखे ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ पैदा की। वन क्षेत्रों में अतिक्रमण ने जानमाल के लिए जोखिम बढ़ा दिया। पुराने विद्युत ग्रिड और खराब तरीके से प्रबंधित बुनियादी ढांचे ने अक्सर जंगल में आग लगने की घटनाओं को बढ़ावा दिया, जैसा कि 2018 के कैंप फायर में देखा गया था। जंगल में आग लगने की घटनाओं का पैमाना अक्सर अग्निशमन संसाधनों और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणालियों को प्रभावित करता है। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में उपनगरीय क्षेत्रों में आग को रोकने के लिए डिजाइन और जोनिंग नियमों का अभाव है। जंगल की आग से वायु की गुणवत्ता में काफी गिरावट आती है, जिससे शहरी आबादी प्रभावित होती है और सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय में वृद्धि होती है। पुनर्निर्माण की उच्च लागत और अपर्याप्त बीमा कवरेज ने कई निवासियों को आर्थिक रूप से तनाव में डाल दिया है। कैलिफोर्निया में जंगल की आग, भारत के लिए कड़ी चेतावनी है। भारत के लिए सबक जलवायु परिवर्तन शमन है। भारत को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए महत्त्वाकांक्षी जलवायु कार्यवाही को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसमें अधिक लगातार और तीव्र चरम मौसम की घटनाएँ शामिल हैं। पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों में अतिक्रमण को रोके जाने की जरूरत है। शहरी गर्मी के प्रभावों को कम करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए हरी छतों, शहरी जंगलों और हरित स्थानों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। जंगल की आग से प्रभावित क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के लिए सख्त बिल्डिंग कोड लागू करें। समय पर अलर्ट प्रदान करने और निकासी की सुविधा के लिए उन्नत चेतावनी प्रणालियों में निवेश करें। समुदाय–आधारित आपदा तैयारी योजनाओं और आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं को मजबूत करें। सक्रिय वन प्रबंधन रणनीतियाँ विकसित करें जिसमें नियंत्रित जलाना और ईंधन में कमी के उपाय शामिल हों। संधारणीय भूमि उपयोग प्रथाओं को बढ़ावा दें, प्राकृतिक पारिस्थितिकी प्रणालियों की रक्षा करें और क्षरित परिदृश्यों को बहाल करें।

जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए शहरी नियोजन प्रथाओं को लागू कर और आपदा तैयारियों में निवेश करके भारत पर्यावरणीय संकटों से जुड़े जोखिमों को कम कर सकता है। भारत में जंगल की आग गंभीर चिंता का विषय है, खासकर मध्य प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे क्षेत्रों में, जहां शुष्क पर्णपाती वन बहुतायत में हैं। ये आग, मुख्य रूप से अप्रैल और मई में होती है, जो पर्याप्त वनस्पति और कम मिट्टी की नमी के कारण होती है। झूमिंग जैसी पारंपरिक प्रथाएँ पूर्वोत्तर भारत में जंगल की आग का कारण बनती हैं। आग की घटनाओं पर सीमित सांख्यिकीय जानकारी के कारण उपग्रह डेटा महत्त्वपूर्ण है। भारत में लगभग 90 प्रतिशत जंगल की आग मानवीय गतिविधियों के कारण होती है, जिसके लिए मजबूत रोकथाम रणनीतियों की आवश्यकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# दिल्ली और देश के उत्तम भविष्य के लिए सही प्रत्याशी का चयन आवश्यक



डॉ मनमोहन प्रकाश

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है।इसे विडंबना ही कहेंगे कि भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा आदि के चुनाव एकसाथ नहीं होने कारण लगभग हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव (पंचायत/ नगरीय निकाय/ विधान सभा/ लोकसभा/ बाई इलेक्शन आदि) होते रहते हैं। देश का धन और श्रम जो देश और राज्यों के विकास कार्यों में लग सकता है,उसका बहुत बड़ा हिस्सा निष्पक्ष चुनाव कराने में खर्च हो जाता है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव केवल प्रत्याशियों के चयन तक सीमित नहीं है अपितु देश में कुशल सरकार बनाने की एक प्रक्रिया है जो देश और जनता के उज्जवल भविष्य की दशा, दिशा और गति का निर्धारण करती है। अतः सही प्रत्याशी और पार्टी का चयन से राज्य और देश का भविष्य जुड़ा हुआ है ऐसा हम कह सकते हैं। इसके लिए जरूरी है मतदाता जागरूक बने और सोच समझकर, सही प्रत्याशी के लिए अपने मताधिकार का उपयोग करे। वर्तमान समय में, जब चुनाव की राजनीति झूठे वादों, भ्रामक प्रचार और भावनात्मक मुद्दों तथा लोकलुभावन घोषणाओं पर ज्यादा केंद्रित होती जा रही है, तब मतदाता को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग होना और अधिक आवश्यक हो जाता है।हर चुनाव की तरह फ़रवरी 2025 में होने वाले दिल्ली के चुनाव में भी घोषणाओं की भरमार है, तरह तरह की सुविधा आदि उपलब्ध कराने के दावे और वादे किए जा रहे हैं। जनता को क्या क्या फ्री मिलने वाला है पार्टियों के घोषणापत्र से जाना जा सकता है। सत्ता में आने के बाद उन पर वादों पर अमल कितना होता है यह मतदाताओं से छिपा हुआ नहीं है। अतः वायदों में कितनी दम है, साकार होने की कितनी संभावना है अर्थात कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ बोल रहा है में फर्क करना मतदाता के लिए ज़रुरी हो जाता है क्योंकि मताधिकार में मतदाता का, चुनाव क्षेत्र का, राज्य और देश की प्रगति और विकास का भविष्य छिपा हुआ है। अतः अच्छी सोच, अच्छे आचरण, प्रगतिशील विचारों वाले ऐसे प्रत्याशी को चुनना आवश्यक हो जाता है जो गरीबी, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे एवं सुविधाएं मुहैया कराने पर काम करने के साथ भारत को विश्व में अग्रणी राष्ट्र बनाने के लिए 'मनसा वाचा कर्मणा' दृढ़ संकल्पित दिखाई देता हो। अतः मतदाताओं को चाहिए कि वह नेताओं और उनकी पार्टी द्वारा किए गए वादों की वास्तविकता और उनके पिछले कार्यकाल में किए गए कार्यों को ध्यान में रखें तथा पूर्व चुनाव में किये गये वादों पर कितना अमल हुआ है की जांच करें। कहने का आशय यही है कि मतदाता को मतदान से पूर्व यह अवश्य विचार करना चाहिए कि सत्तारूढ़ दल द्वारा कौन से वादे पूरे किए और कौन से महज चुनावी हथकंडे थे।

आज के तकनीकी युग में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर प्रसारित सामग्री के पक्ष या विपक्ष में मन बनाने से पहले उसकी सच्चाई की जांच आवश्यक हो जाती है तभी हम फर्जी खबरों और अफवाहों, फेक न्यूज, फेंक नरेटिव से बच सकते हैं और सही निर्णय ले सकते हैं। मेरे अनुसार देश हित में जाति, धर्म और क्षेत्रीयता के नाम पर बांटने वाली राजनीति से भी मतदाता को बचना चाहिए। मेरा ऐसा मानना है कि मतदाता जब जागरूक होगा, सोच–समझकर, राज्य और राष्ट्र हित को सर्वोपरि रख कर अपने मताधिकार का उपयोग करेगा तभी राजनीति के स्वरूप में बदलाव आएगा और राज्य और देश दोनों तेजी से प्रगति करेंगे। मतदाता को यह नहीं भूलना चाहिए कि वोट में एक अदृश्य शक्ति छिपी हुई है। इसे धर्म, जाति या भावनात्मक मुद्दों पर व्यर्थ न करें। एक जागरूक मतदाता न केवल अपने लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। इसलिए, हर मतदाता को ईमानदार और योग्य नेतृत्व का चयन करना चाहिए।

# सैफ अली खान कुछ छिपा रहे हैं?



मनोज कुमार अग्रवाल

अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले की वारदात को लेकर सस्पेंस बरकरार है। जांच में लगी बीस पुलिस टीम अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकी हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि हाई सिक्योरिटी वाले सैफ के घर में हमलावर की एंट्री कैसे हो गई और किसी को भनक तक नहीं लगी। क्या हमलावर पहले से घर में मौजूद था या बाहर से आया। और फिर वह भागा कैसे? आखिर सिक्योरिटी गार्ड को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? सैफ अली मुंबई के उपनगर बांद्रा की हाई सिक्योरिटी वाले सतगुरु शरण बिल्डिग में रहते हैं। वहां तो हाई सिक्योरिटी है ही, खुद एक्टर के घर का सिक्योरिटी सिस्टम भी काफी तगड़ा है। ऐसे में यह बात हजम नहीं हो रही है कि घर में हमलावर घुस कर उन पर हमला कैसे कर गया? सैफ पर गुरुवार, रात ढाई बजे घर में घुसे हमलावर ने अटैक किया। उसने धारदार चाकू से सैफ पर छह बार वार किए। पुलिस के मुताबिक, हमलावर की सैफ की नौकरानी से बहस हो रही थी। आवाज सुनकर सैफ उठे और वह बीचबचाव के लिए पहुंचे। लेकिन तभी हमलावर ने सैफ पर चाकू चला दिए। इसमें सैफ की गर्दन, हाथ और पीठ पर छह जगह चोटें आई है। सबसे गहरा घाव रीढ़ की हड्डी के पास है, जिसकी सर्जरी की गई है। सैफ की हालत खतरे से बाहर हैं। सैफ और करीना का बयान भी आ चुका है, जिसमें उन्होंने फैंस से धैर्य बनाए रखने और अटकलें न लगाने की अपील की। मुंबई पुलिस ने सैफ पर हुए हमले से पहले और बाद की फुटेज खंगाली तो इसमें दो संदिग्ध दिखे हैं। शुरुआती जांच में पुलिस को फुटेज में कोई भी संदग्ध घर में घुसते या बाहर निकलते नहीं मिला था। जिस बिल्डिंग में सैफ और करीना का अपार्टमेंट है, वहां सिर्फ एक ही वॉचमैन है। सैफ पर तैमूर और जेह के कमरे में हमला हुआ। समझा जा रहा है कि हमलावर पहले बच्चों के कमरे में घुसा था। वॉचमैन ने किसी को घर में घुसते नहीं देखा। ऐसा भी



माना जा रहा है कि संदिग्ध पहले घर के पिछले हिस्से में बने नौकरानी के क्वार्टर में घुसा और वहां से उसने घर में एंट्री ली। सैफ के घर के बालकनी में बुलेटप्रूफ ग्लास लगा है और हाई टेक सीसीटीवी कैमरा सिस्टम भी है, जिससे बाहर सड़क से लेकर बिल्डिग और आसपास का एरिया निगरानी में रहता है। सैफ के घर पर तीन दिन से फर्श की पॉलिशिंग का काम चल रहा था। उनके घर मजदूर काम कर रहे थे। समझा जा रहा है कि उन्हीं में से किसी ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। पुलिस अब इन मजदूरों से भी पूछताछ कर रही है। हमलावर ने नौकरानी पर भी अटैक किया था। एक्टर सैफ अली खान लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि सैफ पर यह हमला चोर ने किया, जो रात के दो बजे उनके बांद्रा स्थित घर में घुसा और धारदार हथियार से सैफ पर हमला किया। इसमें सैफ की पीठ और हाथ के अलावा गर्दन पर घाव है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, सैफ की घर में छचोर के साथ हाथापाई हुई, जिसमें चोर ने उन पर कई वार किए। घर में चोरी के इरादे से घुसा था या कोई और मकसद था, यह ते. फलहाल पता नहीं चल पाया है। लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि सैफ और उनका परिवार 24 घंटे सिक्योरिटी के बीच रहता है। घर में भी फुल सिक्योरिटी है, तो फिर चोर घर में घुसा कैसे? सैफ पटौदी के नवाब हैं। वह न सिर्फ पटौदी हाउस के मालिक हैं, बल्कि बांद्रा में भी उनके करोड़ों के अपार्टमेंट है, जिसमें चोर घुसा था। सैफ पटौदी खानदान के 10वें नवाब हैं। उन्होंने बचपन से ही शानो–शौकत वाली जिंदगी जी है। पिता मंसूर अली खान पटौदी खानदान के 9वें नवाब थे। सैफ की नेट वर्थ करीब 1200 करोड़ रुपये है। इसमें उनकी फिल्मों से लेकर ब्रांड एंडोर्समेंट्स, संपत्ति और बाकी बिजनेस से कमाई शामिल है। उनके पास कई बंगले और घर हैं। सैफ के पटौदी पैलेस की कीमत करीब 800 करोड़ रुपये बताई जाती है। इसके अलावा उनके मुंबई के बांद्रा में दो अपार्टमेंट हैं। पहले पटौदी पैलेस नीमराणा होटल्स के पास लीज पर दे दिया गया था, लेकिन बाद में सैफ ने 800 करोड़ रुपये देकर इसे वापस ले लिया। बांद्रा के सतगुरु शरण अपार्टमेंट में सैफ पत्नी करीना और बच्चों के साथ रहते हैं। यह अपार्टमेंट चार मंजिला है, जिसमें हर फ्लोर पर आलीशान हॉल और तीन बेडरूम हैं। इसमें बच्चों के लिए नर्सरी और थिएटर के लिए स्पेस भी है। सतगुरु शरण अपार्टमेंट की कीमत 103 करोड़ से ज्यादा बताई जाती है। सैफ और करीना का स्विट्जरलैंड के गस्ताद में लग्जरी होम है, जिसकी कीमत 33 करोड़ रुपये है। इसके अलावा सैफ ने साल 2018 में क्लोदिंग लाइन लॉन्च की थी, जिससे उन्हें करोड़ों की कमाई होती है। वह टाइगर्स ऑफ कोलकाता टीम के मालिक भी हैं, जो इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में खेलती है। इस प्रकरण में कुछ ऐसा जरूर है जिसे सैफ और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा छिपाने की कोशिश की जा रही है। इस वारदात के सस्पेंस की कड़ी जब सामने आएंगी तो कोई बड़ी मिस्ट्री जगजाहिर होने के आसार हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# 25 वर्षों से बीजीय मसालों के अनुसंधान एवं विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहा है संस्थान : भागीरथ चौधरी

## राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, तबीजी (अजमेर) के रजत जयंती स्थापना उत्सव और किसान मेला कार्यक्रम

- रजत जयंती स्तंभ और पोषण वाटिका का अनावरण के साथ कृषि प्रदर्शनी का किया अवलोकन

चमकता राजस्थान




**जयपुर (अजमेर), 19 जनवरी 2025** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र, तबीजी (अजमेर) के रजत जयंती स्थापना उत्सव और किसान मेले में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान परिसर में रजत जयंती स्तंभ और पोषण वाटिका का अनावरण किया और मेला परिसर में लगी खेती-किसानी से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों, वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों औरअधिकारियों से संवाद करते हुए उन्होंने संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की।केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि यह संस्थान पिछले 25 वर्षों से बीजीय मसालों के अनुसंधान, उन्नत तकनीकों के विकास और किसानों के हित में कार्य करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। संस्थान का कार्य भारतीय कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए महत्वपूर्ण है। किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में ऐसे संस्थानों की भूमिका अत्यंत सराहनीय है। केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने संस्थान के वैज्ञानिकों और किसानों को उनके सतत प्रयासों के लिए बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि यह संस्थान आगामी वर्षों में भी नई ऊंचाइयों को छूते हुए किसानों के कल्याण में अपनी भूमिका निभाता रहेगा।

उपस्थित रहे कृषि वैज्ञानिक और हजारों किसान : कार्यक्रम में डेयर सचिव एवं आईसीएआर महानिदेशक हिमांशु पाठक, आईसीएआर बागवानी विज्ञान के उप महानिदेशक संजय कुमार सिंह, पद्म भूषण से सम्मानित आईसीएआर के पूर्व महानिदेशक राजेंद्र सिंह परोदा, सहायक महानिदेशक (पुष्प, सजीव, मसाले और औषधीय पौधे) सुधाकर पांडे, संस्थान के निदेशक विनय भारद्वाज, एसकेएन कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलपति बलराज सिंह, महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर की कुलपति अजित कुमार कर्नाटक, अटारी (जोधपुर) के निदेशक जे.पी. मिश्रा, केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर के निदेशक अरुण कुमार तोमर,सीआरआईजेडएफ, बीकानेर के निदेशक जयदीप यादव, आईसीएआर मुख्यालय के प्रधान वैज्ञानिक विक्रमादित्य पांडे, संस्थापक निदेशक एस. के. त्रिपाठी और पूर्व निदेशक एम.एम. अनवर सहित बड़ी संख्या में वैज्ञानिक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि और हजारों किसान उपस्थित रहे।

# राज्यपाल बागडे ने विप्र फाउंडेशन, विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया

## विप्र समाज नहीं भारत की संस्कृतिः राज्यपाल

चमकता राजस्थान



**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जनवरी।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने रविवार को छत्रपति संभाजी नगर में विप्र फाउंडेशन, विभागीय अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो समाज महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और सामाजिक समरसता के लिए कार्य करता है, वही निरंतर आगे बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विप्र समाज नहीं भारत की संस्कृति है। जो ब्रह्म यानी अंतिम सत्य को जानता है, वही विप्र है। बागडे ने वैदिक काल से ब्राह्मणों के रहे गौरवमई अतीत को स्मरण करते हुए कहा कि जब-जब समाज में अंधकार छाया है, धरती पर विधर्मियों के कारण संकट आए हैं तब ब्राह्मणों ने आगे आकर समाज को आलोक पथ दिखाने का कार्य किया है। उन्होंने विप्र समाज द्वारा समाज हित में किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी ली और कहा कि संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए समाज निरंतर कार्य करे। उन्होंने भगवान परशुराम और उनके तेज को स्मरण करते हुए महाराष्ट्र, बंगाल, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटक आदि में विप्र समाज संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यो को महत्वपूर्ण बताया।आरंभ में विप्र फाउंडेशन के राजेश बुटोते, सुरेश पारीक, सी.एम. शर्मा आदि ने राज्यपाल बागडे का अभिनंदन करते हुए आभार जताया।

# यूएचआरसी के नेतृत्व में कम्बल वितरण

- गरीब व जरूरत मंद लोगों की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य : डॉ.तरूण बांकोलिया

चमकता राजस्थान



**जयपुर! (खलील कुरैशी)** राष्ट्रीय सामाजिक संगठन-यूनिवर्सल 'मन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया के नैतृत्व में गरीब, सर्दी में जरूरत मंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया! बांकोलिया ने बताया यह आयोजन रविवार को थाना सांगानेर जयपुर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानाधिकारी किशनलाल एच एम व डॉ.तरूण बांकोलिया राष्ट्रीयअध्यक्ष-यूनिवर्सल 'मन राइट्स काउंसिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष-यूनिवर्सल 'मन राइट्स काउंसिल इन्द्र राज मीना रहे।

विशिष्ट अतिथि महेन्द्र वर्मा प्रदेश सचिव, समाज सेवी राकेश शर्मा रहे। सर्वप्रथम संस्था की तरफ से मुख्य अतिथि का दुपट्टा, शोल, पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया।इस कम्बल वितरण के शुभारंभ पश्चात जयपुर में कई स्थानों पर कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष अवधेश कुमार, महासचिव देवनारायण खोलिया, सुरजभान बुनकर, संगठन मंत्री धर्मेंद्र कुमार चौधरी,जगमोहन बैरवा,डॉ.गोविंद भारती, समाज सेवी मोहित यादव, वैभव जांगिड़, अंकित कुमार, राहुल खांडेकर, दिनेश चौधरी व समस्त उपस्थित रहे।समाज सेवी मोहित यादव को सांगानेर विधानसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। व सात दिवस में कार्यकारिणी बनने के निर्देश दिए।कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सामाजिक संगठन यूनिवर्सल 'मन राइट्स काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.तरूण बांकोलिया ने कार्यक्रम में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का हार्दिक आभार व धन्यवाद प्रकट किया।

## हजार से अधिक प्रतिभाओं का हुआ भव्य सम्मान

# वीर शिरोमणी महाराजा सूरजमल अंतर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह

चमकता राजस्थान




**जयपुर (खलील कुरैशी) 19 जनवरी** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 19 जनवरी को 12वां वीर शिरोमणी महाराजा सूरजमल अंतर्राष्ट्रीय जाट प्रतिभा सम्मान समारोह में रविवार को एक हजार से अधिक जाट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया और इस अवसर पर जाट महिला राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।कार्यक्रम के आयोजक वीरेन्द्र चौधरी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की राजस्थान मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष एच आर कुड़ी ने अध्यक्षता की जबकि एजुकेशन हब के निदेशक रामनिवास ढाका मुख्य अतिथि एवं राजेंद्र सिंह चौधरी, शिवभगवान नागा एवं प्रभाती लाल जाट आदि विशिष्ट अतिथि के रुप में मौजूद थे। कार्यकर्म का आग़ाज़ द्वीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जज राजेंद्र चौधरी, भारतीय एजुकेशन हब लक्ष्मणगढ़ रामस्वरूप महला, सनराइज एजुकेशन हब नेछवा नंदकिशोर ढाका एवं विकास चौधरी भी मौजूद थे।इस प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रशासनिक सेवा, न्यायिक सेवा, खेलों के क्षेत्र में राष्ट्रीय ,अंतराष्ट्रीय पदक विजेता, सामाजिक सरोकारों,अन्य सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक हजार से ज्यादा प्रतिभाओं एवं भांकरोटा गैस हादसा के देव दूत शेरा चौधरी का भी विशेष सम्मान किया गया। समारोह में सीआईडी में निरीक्षक एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी वर्षा जाखड़ तथा अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सुनिता जाखड़ एवं सीकर की सुनीता सहित कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस समारोह में पूरे राजस्थान से जाट समाज के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वीरेन्द्र चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता में देश भर से 24 टीमों ने भाग लिया एवं इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र, साफ़ा एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।इस समारोह में पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं मौजूद रही। कार्यक्रम में न्यू हवाई जहाज वाटरपार्क के रामप्रताप पिपलौदा का विशेष सहयोग रहा। इसमें संयोजक बंसीलाल ककरालिया तथा अन्य अरविंद भास्कर, चोखा राम बुरड़क, सुनील ढाका , प्रमोद भूकर, रामनारायण चौधरी, पन्नालाल भामू, सुभाष महला सहित पांच हजार के लगभग संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। कार्यकर्म का संचालन संयोजक एवं उद्घोषक सीकर के राजेंद्र बीरड़ा ने किया।उन्होंने बताया कि समारोह में एक हजार से अधिक जाट प्रतिभाओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें जाट समाज सेअधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूलों में अध्यनरत जाट समाज की बच्चियां जिन्होंने दसवीं एवं बारहवीं कक्षा में 85 प्रतिशत एवं इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं सहित स्कूल निदेशकों को भी सम्मानित किया गया। इसी तरह कॉलेज शिक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 70 प्रतिशत अंक लाने वाले को भी सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समाज के अच्छे काम करने वाले लोगों का सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जाट समाज की महिलाओं को आगे लाने एवं एक मंच देने के लिए इस तरह का प्रयास किया जा रहा है और एक मंच बनाया हैं। उन्होंने कहा कि समाज की प्रतिभाओं एवं खिलाड़ियों को नौकरी के लिए भी प्रयास किए जायेंगे। अंत कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र चौधरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# वन मंत्री संजय शर्मा ने पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश,

- आमजन पौधारोपण कर धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करें - पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री




**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जनवरी।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर में बालाजी इंजीनियरिंग जयपुर व डीएफसी प्रोजेक्ट के संयुक्त तत्वावधान में ब्राह्मण छात्रावास परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंत्री शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड मां के नाम अभियान' व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा चलाए जा रहे 'हरियालो राजस्थान अभियान' के तहत प्रदेश में 7 करोड से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को संरक्षित करने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सौन्दर्य को बनाए रखने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को धरती मां के प्रति कृतज्ञता अर्पित करते हुए एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

- **रक्तदान शिविर में की शिरकत-**

इससे पहले मंत्री शर्मा ने अलवर में श्री श्याम हनुमान सेवा समिति द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर के कार्यक्रम में शिरकत कर रक्तवीरों की हौंसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है जो जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन प्रदान करने में मदद करता है। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन पर श्याम हनुमान सेवा समिति का आभार जताते हुए कहा कि समाज में इस तरह के आयोजन समय-समय पर आयोजित कराए जाने चाहिए जिससे युवाओं में सेवाभावना को मजबूती मिल सके। इस दौरान विष्णु सोमवंशी सहित बडी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 फरवरी को आयोजित होगा हिंदू युवा वाहिनी राजस्थान एवं सनातन सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह




**चमकता राजस्थान। जयपुर** 'हिंदू युवा वाहिनी राजस्थान एवं सनातन सेवा ट्रस्ट रजि. के तत्वावधान में सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 2 फरवरी 2025 को अग्रसेन पार्क के सामने वाला ग्राउंड सेक्टर 7 विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित किया जाएगा ' कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए आज विद्याधर नगर में एक मीटिंग का आयोजन किया गया 'कार्यक्रम संयोजक केशव अरोड़ा ने बताया कि विवाह सम्मेलन से पहले 30 जनवरी को प्रातः 9 बजे से श्री अमरनाथ जी महाराज के सानिध्य में श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ राधा गोविंद मंदिर सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में किया जाएगा ' उसके बाद 1100 महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी ' 30 जनवरी से 1 फरवरी 2025 तक देवी रितम जी कौशिक की अमृतमय वाणी से नानी बाई का मायरा किया जाएगा '31 जनवरी को साय 6 बजे से हरि इच्छा तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा 'जिसमें मशहूर सिंगर उअ रुद्र के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी '1 फरवरी को शाम 6बजे से 9बजे तक विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा ' और 2 फरवरी को सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा ' शादी मे प्रत्येक जोड़े को सोने चांदी के गहने,व कपड़े ,बर्तन,फर्नीचर इलेक्ट्रॉनिक समान व अन्य उपहार दिए जाएंगे '।

### श्री श्याम मंदिर कमेटी ने किया पीएमओ विनोद योगी व भाजपा मंडल अध्यक्ष मालीराम का आत्मीय सम्मान

- श्याम बाबा का दुपट्टा, स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** शहर के पुलिस थाने के पीछे शयाम मंदिर में रविवार को श्री शयाम मंदिर सेवा समिति के तत्वाधान में राजकीय उप जिला चिकित्सालय के प्रभारी विनोद योगी व भाजपा मंडल के नगर अध्यक्ष मालीराम सैनी का सम्मान किया गया मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष राजेश मंडोवरा व सचिव अनिल कुमार नरवल ने बताया कि श्री शयाम मंदिर कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा योगी और सैनी का शयाम बाबा का चित्र व शयाम नाम की चादर उड़ाकर स्वागत सत्कार किया गया इस दौरान आए हुए अतिथियों व कार्यकर्ताओं को भोजन प्रसादी भी करवाई गई। इस दौरान मंदिर संचालक शंकर लाल सैनी, उपाध्यक्ष मालीराम सैनी, समाजसेवी कालूराम सैनी, व्यवस्थापक गोवर्धन लाल सैनी, ईश्वर लाल सैनी, जय दयाल पलसानिया, छाजू लाल सैनी, भेरूलाल सामोता सहित मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जैसलमेर जिले में थाना कोतवाली व डीएसटी की अवैध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई

- 40 लाख रुपए कीमत की स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, 177.43 ग्राम स्मैक जब्त



**चमकता राजस्थान। जयपुर /जैसलमेर! (खलील कुरैशी) 19 जनवरी।** जैसलमेर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन मद मर्दन के तहत जिले की डीएसटी व कोतवाली थाना पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी गुलाब सिंह पुत्र रणजीत सिंह निवासी कच्छ गुजरात हाल पुलिस लाइन कच्ची बस्ती जैसलमेर को गिरफ्तार कर 177 ग्राम 46 मिलीग्राम स्मैक जब्त की है। जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 40 लाख रुपए है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय एवं आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार के पर्यवेक्षण में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए जिले में ऑपरेशन मद मर्दन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए सभी थानाधिकारियों एवं जिला स्पेशल टीम को विशेष दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना पर एएसपी कैलाश दान जुगतावत व सीओ रूप सिंह इंदा के सुपरविजन में एसएचओ अल्ताफ हुसैन व डीएसटी प्रभारी हेड कांस्टेबल भीमराव सिंह के नेतृत्व में टीम द्वारा आरोपी गुलाब सिंह राजपूत के पास से 177.43 ग्राम स्मैक जब्त की गई है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

## झालावाड़ जिले में थाना भालता पुलिस की कार्रवाई

● अवैध मादक पदार्थ तस्करी में तीन साल से वांछित 10,000 रूपये ईनामी मुंबई से गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान। जयपुर/झालावाड़,!(खलील कुरैशी) 19 जनवरी।** झालावाड़ जिले की थाना भालता पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में 3 साल से फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपी चैन सिंह पुत्र धन्ना लाल निवासी पचौला थाना अकलेरा जिला झालावाड को मुंबई से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है ।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में अवैध कार्यों व संगठित अपराधों व मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ निरन्तर अभियान चलाया जाकर प्रभावी कार्रवाई किये जाने के लिए समस्त थानाधिकारीयो को निर्देशित किया हुआ है। अभियान के तहत लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी चैन सिंह की तलाश व गिरफ्तारी के लिए एएसपी चिरंजी लाल मीणा व सीओ अकलेरा बृजेश कुमार जाट के सुपरविजन एवं एसएचओ भालता किशोर सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा आज सूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर वांछित तीन साल से फरार मुलजिम चैन सिंह को मुम्बई महाराष्ट्र से डिटेन किया है। इसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा भी की हुई है। मुलजिम से प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्रवाई में थाना भालता के कांस्टेबल अशोक की विशेष भूमिका रही। टीम में भालता थाना के एसएचओ सहित हेड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, गोपाल, कांस्टेबल हेमंत, धर्मा राम, थाना घाटोली से कांस्टेबल मनोज व हरकरण एवं साइबर शाखा के एएसआई राजेश कुमार शामिल थे।

## पंजाब में भाजपा सरकार आने पर किसानों की सभी फसलें एमएसपी पर खरीदी जाएंगी : मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**चंडीगढ़/एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। इसी का साक्ष्य है कि हरियाणा ने किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की है और 12 लाख किसानों के खाते में 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये डाले हैं। इसके अतिरिक्त, फसल खरीद के बाद देरी से पेमेंट होने पर 78 करोड़ रुपये ब्याज के तौर पर किसानों को दिए हैं। वहीं राज्य पंजाब में पहले कांग्रेस सरकार व अब मौजूदा आम आदमी पार्टी की सरकार किसानों की सुध नहीं ले रही है और किसानों की फसलों को एमएसपी पर नहीं खरीदा जा रहा है। जिस वजह से किसान आंदोलनरत हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब सरकार को सलाह दी कि वे विधानसभा में बिल लाकर किसानों की शत प्रतिशत फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम करे। उन्होंने कहा कि पंजाब में भाजपा सरकार आने पर किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह बात आज पंजाब के रोपड़ में आयोजित सैनी महासम्मेलन के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। इस अवसर पर राष्ट्रीय अल्प संख्यक कमीशन के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा व कार्यक्रम के आयोजक रोपड़ के भाजपा के जिला प्रधान अजय वीर सिंह लालपुरा सहित सैनी समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले साल हरियाणा में खरीफ सीजन में बारिश देर से हुई थी। जिसके कारण किसानों को फसल की बुवाई के लिए सिंचाई व दूसरे इंतजाम करने पड़े। हरियाणा सरकार ने किसानों की पीड़ा को समझा और 2 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से बोनस के तौर पर उनके खाते में डाले। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार गरीब व मजदूरों की भलाई के लिए दिन-रात कार्य कर रही है। इसी कड़ी में उन्होंने दूसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही प्रदेश के सभी सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कालेजों और पीजीआई में किडनी के रोग से पीड़ित रोगियों को मुफ्त डायलिसिस की सेवाएं प्रदान करवाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 70 वर्ष से ज्यादा आयु के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। हरियाणा सरकार ने प्रदेश के बुजुर्गों को इस योजना का लाभ दिया और इस मद पर अब तक 2500 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछड़ा वर्ग की लंबे समय से मांग थी कि उनकी क्रीमिलेयर की आय सीमा को बढ़ाया जाए। हरियाणा सरकार ने इस आय सीमा को 6 लाख से बढ़ाकर 8 लाख रुपये कर दिया है। इसका पिछड़ा वर्ग को लाभ मिला है।

### ● नारी सशक्तिकरण को दिया है बढ़ावा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए नारी शक्ति वंदन बिल पास करवा दिया है। इसके तहत अगले लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। बीबी शरणदीप कौर का बलिदान न केवल धर्म, बल्कि पूरी मानवता के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि बीबी शरणदीप कौर दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की सच्ची सिपाही थीं। गुरु जी द्वारा चलाए गए धर्म युद्ध में बीबी शरणदीप ने मुगल आक्रांताओं के खिलाफ लड़ते हुए शहादत दी थी।

### ● सावित्रीबाई फुले ने बताया शिक्षा सबसे बड़ा हथियार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले समाज की गौरव हैं। वे न सिर्फ भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं, बल्कि एक महान समाज सेविका और महिलाओं के अधिकारों की प्रणेता थीं। सावित्रीबाई फुले ने 1833 में समाज की कुरीतियों व बंदिशों को तोड़ते हुए बेटियों के लिए स्कूल खोले थें। इसका न सिर्फ सैनी समाज बल्कि हर समाज की बेटियों को लाभ मिला है। माता सावित्री बाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फूले के साथ मिलकर कुरीतियों को दूर करने, महिला सशक्तिकरण और बेटियों की शिक्षा के लिए पूरा जीवन समर्पित कर दिया।

# जमाअत-ए-इस्लामी हिंद ने हमास एवं इजरायल युद्धविराम समझौते का किया स्वागत

चमकता राजस्थान






**जयपुर!(खलील कुरैशी) 19 जनवरी।** जमाअत-ए-इस्लामी हिंद के अमीर (अध्यक्ष) सैयद सआदतुल्लाह हुसैनी ने इजरायल और हमास के बीच हाल ही में घोषित युद्धविराम समझौते का स्वागत किया है। मीडिया को जारी एक बयान में जमाअत अध्यक्ष ने कहा, ₹यह युद्धविराम गजा में रक्तपात को रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गजा के लोगों को बुनियादी राहत पहुंचाने का अवसर मिलेगा, जिन्होंने इतिहास के विनाशकारी नरसंहार हमलों को सहन किया है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को गजा के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए तत्काल प्रयास शुरू करने चाहिए तथा अरब भूमि से इजरायली सेनाओं की पूर्ण वापसी की दिशा में निर्णायक कदम उठाने चाहिए, ताकि स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के माध्यम से फिलिस्तीनी लोगों की स्वतंत्रता सुनिश्चित हो सके।₹जमाअत के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ''फिलिस्तीन के लोगों के साहसी और वीर प्रतिरोध और बलिदान को सम्मान अर्पित किया। उन्होंने वैश्विक शक्तियों को याद दिलाते हुए कहा, ₹यह युद्धविराम 15 महीने के क्रूर हमले के बाद आया है, जिसमें 48,000 से अधिक लोगों की जान चली गई, जिनमें से अधिकांश बच्चे, महिलाएं, डॉक्टर, शिक्षक, राहत कार्यकर्ता, पत्रकार के अतिरिक्त निहत्थे नागरिक शामिल थे। गजा पर हमला तथाकथित सभ्य विश्व पर एक बड़ा दाग और इतिहास तथा मानवता की अंतरात्मा पर एक कांटा बना रहेगा सआदतुल्लाह हुसैनी ने बताया कि यद्यपि युद्ध विराम रविवार से लागू होना है, लेकिन इजरायल ने हिंसा जारी रखी है, जिसके कारण इस बीच 21 बच्चों और 25 महिलाओं सहित 87 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने कहा, ₹विश्व को यह समझना होगा कि इजरायल की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों एवं मानवीय सिद्धांतों के प्रति घोर उपेक्षा क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद मांग करती है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इजरायल द्वारा किये गए घोर अंतर्राष्ट्रीय कानून और मानवाधिकारों उल्लंघन के लिए जवाबदेह ठहराए।उन्होंने कहा, ₹इस विनाश के लिए जिम्मेदार शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व को उनके कृत्यों के लिए न्याय का सामना करना होगा, जो उन्होंने बिना किसी पश्चाताप के और दंड से मुक्त होकर किए।₹जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने इस बात पर जोर दिया कि युद्धविराम समझौते को अंतिम बिंदु के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।₹स्थायी शांति प्राप्त करने के लिए कब्जे और अन्याय के मूल कारणों को दूर किया जाना चाहिए। जमाअत -ए-इस्लामी हिंद एक स्वतंत्र एवं संप्रभु फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए अपना आ''ान दोहराती है। मध्य पूर्व में स्थायी शांति केवल फिलिस्तीनी लोगों के लिए न्याय, फिलिस्तीनी प्रवासियों के लिए वापसी के अधिकार और अल-अक्सा मस्जिद और अल-कुद्स की पूर्ण मुक्ति के माध्यम से ही प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा, ₹हम वैश्विक समुदाय से आग्रह करते हैं कि वह इन बुनियादी मुद्दों के समाधान के लिए निर्णायक कदम उठाए तथा सभी के लिए सह-अस्तित्व, सुरक्षा और स्थिरता के भविष्य का मार्ग प्रशस्त करे।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने किया महाकुंभ में स्नान

## महाकुंभ एकता और समता का संगम : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा





चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम घाट पर स्नान किया। उन्होंने सपरिवार मा गंगा की पूजा अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। शर्मा ने बोट से त्रिवेणी संगम का अवलोकन किया और बड़े संगम तट पर स्थित लेटे हनुमान जी के दर्शन भी किए। उन्होंने राजस्थान मण्डप में संत-महात्माओं का अभिनंदन कर उनका आशीर्वाद लिया।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महाकुंभ में साधु-संतों का आशीर्वाद लिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू रामभद्राचार्य निरंजनी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री कैलाशगिरी से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान मुख्यमंत्री ने आचार्य मृदुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण किया।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस महाकुंभ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के साथ विरासत के संरक्षण का विजन देखने को मिल रहा हैं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ एकता और समता का संगम हैं तथा इसका साक्षी बनना अभिभूत करने वाला हैं। उन्होंने महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना भी की।मुख्यमंत्री शर्मा की इस दौरान असम के राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य से भी मुलाकात हुई।

## उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापन

● प्रकृति के संरक्षण व जनजागरूकता के लिए ऐसे आयोजन उपयोगी-जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

● विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत




**चमकता राजस्थान। जयपुर, 19 जनवरी।** तीन दिवसीय उदयपुर बर्ड फेस्टिवल का समापन समारोह रविवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी के मुख्य आतिथ्य में उदयपुर के हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ।कार्यक्रम में बर्ड फेस्टिवल के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।मंत्री खराड़ी ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए ऐसे आयोजनों की महतीआवश्यकता है। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ बर्ड रेसक्यू एवं कन्जर्वेशन का कार्य करने वाले पक्षी प्रेमियों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपना दायित्व निभाएं।बर्ड फेस्टिवल के समापन के अवसर पर ख्यातिप्राप्त पक्षी विशेषज्ञ प्रदीप जोशी एवं भारती शर्मा के द्वारा निर्मित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मेनार के शौर्य एवं पर्यावरण संरक्षण को दिखाते हुए वहां की समृद्ध पारिस्थितिकी को खूबसूरती से फिल्मांकित किया गया है। इस डॉक्यूमेंट्री में बताया गया कि ग्रेट क्रिस्टेड ग्रिब जो कि यहां प्रजनन करने लगा है, पहले यह माना जाता था कि सुदूर ठंडे प्रदेशों में ही प्रजनन करता है। फिल्म के माध्यम से ग्रेट क्रेस्टेड ग्रेब के लाइफ साइकिल को दिखाने का प्रयास किया गया। जिसमें घोंसला बनाने, मेटिंग करने और अंडों को सेते हुए एवं बच्चों को पीठ पर बिठाकर खिलाते हुए ,सिखाते हुए दृश्य सभी को बहुत पसंद आए। साथ ही इस डॉक्यूमेंट्री में पक्षियों की आदतों को भी दिखाया गया जो कि काफी इनफॉर्मेटिव है।

## बीकानेर के लूणकरणसर में दर्दनाक सड़क हादसा : बारात में जा रही कार टायर फटने से पलटी, चार लोगों की मौत, चार अन्य घायल

**बीकानेर/एज्रेंसी।**

राजस्थान के बीकानेर जिले के लूणकरणसर थाना क्षेत्र स्थित हंसेरा गांव में शनिवार रात एक दिल दहला देने वाली सड×क दुर्घटना ने चार लोगों की जान ले ली। घटना में चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह हादसा तब हुआ जब भोजासर से पेमासर जा रही एक बारात की अर्टिगा कार का टायर फट गया और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई। मृतकों की पहचान भोजासर निवासी भगवान दास, विनोद, सुनील और रावतसर निवासी कालूराम के रूप में हुई है। सभी मृतक एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और राहतकर्मी मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान इनमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। अन्य तीन घायलों का इलाज अभी भी स्थानीय अस्पताल में जारी है।

जानकारी के अनुसार, यह बारात भोजासर से पेमासर के लिए रवाना हुई थी, जिसमें बस और कारों का काफिला शामिल था। दुर्घटना के समय अर्टिगा कार का टायर फटने से यह हादसा हुआ, जिससे कार अनियंत्रित होकर सड×क किनारे पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह एक गंभीर सड×क दुर्घटना है, और उचित कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# इसरो की सफलताओं से तिरंगा आसमान छू रहा : शिक्षा मंत्री

चमकता राजस्थान




**जयपुर, 19 जनवरी।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सफलताओं के कारण तिरंगा आसमान छू रहा है। इसरो के कारण हमारे चंद्रयान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलता पूर्वक तिरंगा लहराया है। इसके लिए उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को धन्यवाद दिया।शिक्षा मंत्री रविवार को कोटा के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी के कृषि उपज मंडी समिति में इसरो द्वारा आयोजित विक्रम साराभाई स्पेस एग्जिबिशन में उपस्थित विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों को संबोधित कर रहे थे।दिलावर ने प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आप का ये प्रयास देश की आगामी पीढ़ी को इसरो से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा। दो दिन के इस आयोजन में वैज्ञानिकों ने स्थानीय बच्चों का जो मार्गदर्शन किया है उससे निश्चित ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे और बच्चों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होगी।शिक्षा मंत्री ने कहा कि आम आदमी और विशेषकर बच्चों के लिए इसरो का काम सपनो को साकार करने जैसा है। चंद्रमा पर पहुंचना परीकथाओं जैसा है जिसे इसरो ने साकार कर दिखाया है।राजस्थान में शिक्षा व्यवस्था की सराहना करते हुए दिलावर ने कहा कि मुझे ये जानकर प्रसन्नता हुई है कि यहां आई इसरो वैज्ञानिकों की टीम में दो वैज्ञानिक राजस्थान के है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस प्रदर्शनी के बाद आने वाले समय में रामगंजमंडी के छात्र भी इसरो के वैज्ञानिक बनेंगे।शिक्षा मंत्री ने कहा कि रामगंजमंडी के सरकारी विद्यालयों मे उत्तम शिक्षा के सभी आवशयक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्मार्ट क्लास, रोबोटिक लैब सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शीघ्र ही रामगंजमंडी में छात्राओं के लिए सैनिक स्कूल खोला जाएगा तथा आवासीय वेद विद्यालय भी रामगंजमंडी में शुरू होगा। शिक्षा को लेकर रामगंजमंडी में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

### इसरो वैज्ञानिक ने शिक्षा मंत्री को भेंट किया चंद्रयान-3 का प्रोटोटाइप

» कार्यक्रम में उपस्थित इसरो वैज्ञानिकों की टीम के इंचार्ज परेश सरवैया ने शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरे भारत के चंद्रायन–3 का प्रोटोटाइप स्मृति चिन्ह के रूप में भेट किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री दिलावर ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और स्टॉल पर मौजूद छात्रों से एक–एक मॉडल की बारीकी से जानकारी ली।

# संक्षिप्त खबरें

## गुल पनाग और स्वीटी बूरा ने की 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' की अगुवाई




**नई दिल्ली।** अभिनेत्री गुल पनाग और अर्जुन पुरस्कार विजेता मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' अभियान का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश में खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण करने का यह एकमात्र तरीका है। अभिनेत्री पनाग और मुक्केबाज बूरा ने रविवार को गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में 500 से अधिक साइकिल चालकों की अगुवाई की। गुल पनाग ने कहा कि मैं फिट इंडिया अभियान से तब से जुड़ी हुई हूं, जब इसे कई साल पहले लॉन्च किया गया था। यह भारतीय खेल प्राधिकरण की एक शानदार पहल है। मुझे लगता है कि फिट इंडिया अभियान ही एकमात्र तरीका है, जिससे हम खेल और फिटनेस संस्कृति का निर्माण कर सकते हैं। यह अभियान भारत को प्रतिस्पर्धी क्षेत्रों में अधिक पदक जीतने में मदद करेगा, लेकिन हमें फिटनेस संस्कृति से शुरूआत करनी होगी। संडे ऑन साइकिल एक शानदार पहल है। अगर अन्य दिनों में नहीं, तो हम रविवार को एक आसान सवारी के लिए समय निकाल सकते हैं। मुक्केबाज स्वीटी बूरा ने गोल्फ कोर्स रोड, एआईटी चौक, आर्य समाज रोड और मिलेनियम सिटी सेंटर से होकर लेजर वैली पार्क तक 20 किमी की साइकिल यात्रा पूरी की। उन्होंने नारा दिया, पॉल्यूशन को पंच और ड्रग्स को राइट हुक क्योंकि संडे है साइकिलिंग के लिए। उन्होंने कहा कि यह फिट इंडिया की एक बेहतरीन पहल है। मैं लंबे समय के बाद साइकिल चलाकर बहुत खुश हूं। साइकिल चलाने के कई फायदे हैं, जैसे घुटनों की सेहत अच्छी रहती है, मांसपेशियों की ताकत और सहनशक्ति भी बढ़ती है, जिससे बेहतर गतिशीलता में मदद मिलती है। यह आपके दिल और फेफड़ों के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है। चाहे आप युवा हों या बूढ़े, साइकिल चलाना समग्र फिटनेस और स्वस्थ रहने के लिए फायदेमंद है।

## बोपन्ना-झांग की जोड़ी ऑस्ट्रेलियन ओपन में मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में





**मेलबर्न।** भारत के टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और चीन की झांग शुआई की जोड़ी ने रविवार को अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस की जोड़ी को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन के मिश्रित युगल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। आज यहां खेले गये मुकाबले में 44 वर्षीय बोपन्ना और दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पूर्व विश्व की नंबर दो झांग की जोड़ी ने चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की टेलर टाउनसेंड और मोनाको के ह्यूगो निस के खिलाफ शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए अंतिम आठ में जगह बनाई। भारत-चीन की जोड़ी अब क्वार्टर फाइनल में ऑस्ट्रेलिया की ओलिविया गैडेकी और जॉन पीयर्स और हंगरी-एल साल्वाडोरियन जोड़ी टिमिया बाबोस और मासेली अरेवालो के बीच होने वाले मैच के विजेताओं से मुकाबला करेंगी। इससे पहले, बोपन्ना और झांग ने पहले दौर में फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविच और क्रोएशिया के इवान डोडिग को 6-4, 6-4 से हराया था।

## मीरा एंड्रीवा को हराकर सबालेंका ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में



**मेलबर्न।** बेलारुस की स्टार टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को रूस की मीरा एंड्रीवा को हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां रॉड लेवर एरिना में खेले गये मुकाबले में सबालेंका ने रूस की मीरा एंड्रीवा को 6-1, 6-2 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन में यह उनकी लगातार 18वीं जीत है। मैच के दौरान सबालेंका ने 15 विनर्स लगाए और तीन ऐस लगाये। मैच के बाद सबालेंका ने कहा मैं आज के खेल के स्तर से बहुत खुश हूं और मुझे लगता है कि परिस्थितियां मेरी सहायक होगी और ऐसा प्रतियोगिता के आखिर तक रहेगा।

# भारतीय महिला टीम ने विश्वकप में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हराया

**क्वालालंपुर। एजेंसी**



पारूनिका सिसोदिया (तीन विकेट), आयुषी शुक्ला और वीजे जोशिता (दो-दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सनिका चलके (नाबाद 18) और जी कामिलीनी (नाबाद16) शानदार पारियों की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को अंडर-19 टी-20 विश्वकप में वेस्टइंडीज को नौ विकेट से हरा दिया हैं। भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे नहीं टिक सकी। भारतीय गेंदबाजों ने महज 13.2 ओवर में वेस्टइंडीज की टीम को 44 के स्कोर पर समेट दिया । वेस्टइंडीज की ओर से असाबी कॉलेंडर (12) और केनिका कसार (15) के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। भारत की ओर से तेज गेंदबाज वीजे जोशिता ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके जबकि बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी आयुषी शुक्ला और पारुनिका सिसोदिया ने लगातार दो ओवर के अंतराल पर दो विकेट झटकर 5.1 ओवर में वेस्टइंडीज का स्कोर 17 पर चार विकेट कर दिया। इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने वेस्टइंडीज के तीन खिलाड़ियों को रनआउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जी तृषा (चार) का विकेट गवांने के बाद जी कमालिनी (नाबाद 16) और सनिका चलके( नाबाद 16) ने मिलकर पांचवें ओवर की दूसरी गेंद पर 47 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। वेस्टइंडीज की ओर से जी क्लैसटन को एकमात्र विकेट मिला।

# पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को 127 रनों से हराया

**मुल्तान। एजेंसी**

कप्तान शान मसूद (52) की अर्धशतकीय पारी के बाद साजिद खान (पांच विकेट) और अबरार अहमद (चार) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में 123 के स्कोर पर ढ़ेर कर मुकाबला 127 रनों से जीत लिया हैं। नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। 251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण का सामना अधिक देर तक नहीं कर पायी और पूरी टीम 36.3 ओवर में 123 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के ऐलेक ऐथनेज ने सर्वाधिक (55) रनों की पारी खेली। टेविन इमलाक (14), मिकाइल लुईस (13), क्रेग ब्रैथवेट (12), केविन सिंक्लेयर (10) रन बनाकर आउट हुये। पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 15 ओवर में 50 रन देकर पांच विकेट लिये। अबरार अहमद ने 11.3 ओवर में 27 रन देकर चार विकेट झटके। नोमान अली ने एक बल्लेबाज को आउट किया। गेंदबाजों की मददगार पिच पर जोमेल वारिकन (32 रन देकर सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दूसरी पारी में 157 के स्कोर पर समेट दिया।

# आदिल और डबल्स में आनंद और आदिल बने चैंपियन



**संवाददाता**

**रांची।** जेएससीआई के स्टेडियम में बने रैकेट्स कैम्पस में आयोजित दो दिवसीय मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न हो गया। टूर्नामेंट में बैडमिंटन के प्रति पत्रकारों की दीवानगी देखने को मिली, जब खिलाड़ी बन कर प्रेस क्लब के पत्रकार सदस्य कोर्ट में पसीना बहाते नजर आये। प्रतियोगिता के पहले दिन के हुए मैच में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश और रांची प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

वहीं फाइनल मैच के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी अजय नाथ शाहदेव उपस्थित थे। दूसरे दिन फाइनल मैच में वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। वहीं कड़े एकल मुकाबले के फाइनल मैच में आदिल हसन ने लगातार दो मैच जीत कर अभिषेक सिन्हा को शिकस्त दी और ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। वहीं डबल्स के खेले गए संघर्षपूर्ण मैच में आदिल हसन और आनंद मोहन की जोड़ी ने अभिषेक सिन्हा और मोनू कुमार की जोड़ी को दो एक से पराजित कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमा लिया। एकल्स और डबल्स के दोनों ही फाइनल मैच रोमांचक रहे। फाईनल मैच के सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि अजय नाथ शाहदेव ने ट्रॉफी और विनय वर्मा ने ईयर बड्स दे कर पुरस्कृत किया।

साथ ही सभी रनर अप को भी पुरस्कार के रूप में ईयर बड्स दिए गए। तत्पश्चातअपने सम्बोधन में अजय नाथ शाहदेव ने प्रेस क्लब को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल से तन मन दोनों स्वस्थ्य रहता है, इसलिए अपने जीवन में सभी लोगों को एक खेल जरूर शामिल रखना चाहिए। वहीं वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि राँची प्रेस क्लब के द्वारा शुरू की गई यह परम्परा कायम रहे।

वहीं प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाने के लिए कमेटी और सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल सोरेन, सचिव अमरकान्त, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, सह सचिव रतनलाल, स्पोर्ट्स कमेटी के कन्वेनर मोनू कुमार, कार्यसमिति सदस्य आलोक सिन्हा, विजय मिश्र, आरजे अरविन्द, चन्दन भट्टाचार्य, संजय सुमन, सौरभ शुक्ला सहित सभी सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# जीआई-पीकेएल : कबड्डी के सितारों ने शुरू किया प्रशिक्षण




**खिलाड़ियों की भागीदारी और उत्साह के बारे में बात करते हुए होलिस्टिक इंटरनेशनल प्रवासी स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष कंथी डी. सुरेश ने कहा कि जीआई-पीकेएल को लेकर खिलाड़ियों और प्रशंसकों का उत्साह कबड्डी की बढ़ती लोकप्रियता और खेल को एकजुट करने की शक्ति को उजागर करता है। यह लीग हमारे उस दृष्टिकोण को दशार्ती है, जो तमाम बाधाओं को तोड़ विभिन्न देशों की विभिन्न संस्कृतियों के सभी महिला और पुरुष खिलाड़ियों को एक जैसा मंच देने की सोच रखती है। जीआई-पीकेएल उद्घाटन सत्र में 6 महिला और 6 पुरुष टीमें शामिल होंगी। टीमों को उनकी क्षेत्रीय पहचान के हिसाब से नामित किया गया है।**

**गुरुग्राम। एजेंसी**

आगामी ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग (जीआई-पीकेएल) में शामिल राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों ने मैट पर जमकर पसीना बहाना शुरू कर दिया है। लीग में मिस्त्र, केन्या, अर्जेंटीना, ताइवान जैसे कई देशों की भागीदारी देखी जाएगी। इसके अलावा पोलैंड खिलाड़ियों का ड्राफ्ट जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, पुरुष और महिला दोनों एथलीटों ने लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपनी तैयारी तेज कर दी है। एक तरफ सविन नरवाल, संदीप कंडोला, अजय कुमार और कपिल नरवाल जैसे प्रमुख खिलाड़ी अपने खेल को बेहतर से बेहतरीन बनाने में लगे हुए हैं, तो दूसरी ओर एम अनिता, इंद्रा रोहिणी, अरुल संथिया और सेल्वरेबिक्षा जैसे राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेताओं ने भी अपने-अपने राज्यों में अभ्यास सत्र शुरू कर दिया है। रांची में तैनात भारतीय सेना के राइफलमैन सविन नरवाल अपनी बटालियन में रहते हुए अपने कबड्डी कौशल को निखार रहे हैं। कई कबड्डी लीगों में भाग लेने के बाद राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सविन जीआई-पीकेएल में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं। लीग के बारे में सविन नरवाल ने कहा कि ग्लोबल इंडियन प्रवासी कबड्डी लीग के लिए प्रशिक्षण बहुत अच्छा चल रहा है।

उन्होंने कहा कि हर खिलाड़ी की तरह जीआई-पीकेएल का हिस्सा होना मेरे लिए भी गर्व की बात है। मैं पहले भी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेल चुका हूं और मैं अपने ए-गेम को फिर से मैट पर लाने के लिए उत्सुक हूं। इसी क्रम में कबड्डी की एक और जादूगर एम अनिता ने कहा कि जीआई-पीकेएल मेरे लिए बहुत मायने रखता है। इसके जरिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना एक ऐसा अद्भुत अनुभव होगा, जो विभिन्न खेल शैलियों को समझने का अवसर प्रदान करेगा। अरुल संथिया ने भी लीग को लेकर विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि एक ऐसी लीग का हिस्सा बनना जो दुनिया भर के खिलाड़ियों को एकजुट करती है, निश्चित तौर उत्साह का विषय है।

# रायगंज ने भागलपुर को दो गोल से हराकर जमाया तस्लीमुद्दीन मेमोरियल कप पर कब्जा

**अररिया। एजेंसी**



मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब की ओर से नेताजी सुभाष स्टेडियम में खेले जा रहे सीमांचल गांधी मेमोरियल फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच सेवन स्टार फुटबॉल क्लब रायगंज और टाउन क्लब भागलपुर के बीच रविवार को खेला गया, जिसमें रायगंज ने भागलपुर को एक के मुकाबले दो गोल से हराकर शिल्ड पर कप पर कब्जा जमाया।

फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पदाधिकारी अनिल कुमार और बिहार सरकार के पूर्व आपदा मंत्री एवं जोकीहाट विधायक शाहनवाज आलम मौजूद थे। मौके पर दोनों टीम के खिलाड़ियों से मुख्य अतिथि का परिचय कराया गया । बॉल में किक मारकर डीएम अनिल कुमार और विधायक शाहनवाज आलम ने खेल की शुरूआत की ।मौके पर शाहनवाज आलम ने इस बेहतरीन आयोजन के लिए मॉडर्न स्पोर्ट्स क्लब को बधाई दी। मैच रेफरी के रूप में रमन कुमार, अभिषेक कुमार, राहुल कुमार ने काम किया। वहीं मैच का आंखों देखा हाल चांद आजमी और सदरे आलम ने सुनाया। ये मौके पर महिला राजद नेत्री लवली नवाब, अफसाना हसन, सुष्मिता ठाकुर और मंजू देवी भी मौजूद थी। टूर्नामेंट चार जनवरी से शुरू हुआ था, जो रविवार को संपन्न हुआ। फाइनल मैच में बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब अशोक मुर्मू को दिया गया। राशिद डिक्की ने गोल करने वाले सभी खिलाड़ी को 25-25 सौ रुपैया नगद इनाम दिया। वही रायगंज विजेता टीम को शाहनवाज आलम ने 75 हजार नकद पुरस्कार दिया गया।

## खेल सुविधाओं के मामले में अग्रणी राज्यों में शामिल उत्तराखंड : रेखा

**देहरादून। 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए पिछले सालों में हमने जो खेल सुविधाएं जुटायी है, उनसे प्रदेश खेल अवस्थापना के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। अब खेल सुविधाओं को सुरक्षित, संरक्षित और सुचारू रखने के लिए जल्द नीति बनाई जाएगी। यह बात रविवार को उत्तराखंड की खेल एवं युवा मामलों की मंत्री रेखा आर्या ने कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की आयोजन के लिए विभिन्न जनपदों के आयोजन स्थलों पर, जो भी निर्माण या सुंदरीकरण कार्य चल रहे हैं, वह सभी अगले तीन से चार दिन के भीतर संपूर्ण हो जाएंगे। इनमें देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, रूद्रपुर आदि शहरों में होने वाले खेल आयोजनों स्थल शामिल है। श्रीमती आर्या ने बताया कि वह खुद बीते दो माह से हर जनपद में जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करती रही है। सारी तैयारी पूरी हो चुकी है।**





# अदाणी-इस्कॉन मना रहे हैं ग्रीन एंड क्लीन महाकुंभ




● ना प्लास्टिक का इस्तेमाल, ना प्रदूषण करने वाले ईंधन का

- महाकुंभ 2025 में रोज अदाणी-इस्कॉन के एक किचन में बनती है है 500 क्विंटल सब्जी
- सब्जी लोकल वेंडर्स से खरीदी जाती है और महिला वेंडरों को दी जाती है प्राथमिकता
- एलपीजी के साथ ही खाना बनाने में गाय के उपलों का भी होता है इस्तेमाल
- एक दिन में कई क्विंटल उपलों का होता है इस्तेमाल
- उपले इस्कॉन के विभिन्न सेंटरों और लोकल वेंडर्स से उपलब्ध कराए जाते हैं
- पत्तलों में खिलाया जाता है खाना, नहीं होता प्लास्टिक चम्मचों और गिलासों का इस्तेमाल
- एक दिन में होता है 3 लाख पत्तलों का इस्तेमाल, खरीदारी लोकल वेंडर्स से होती है
- अदाणी द्वारा उपलब्ध कराई गई गॉल्फ कार्ट सेवा बैटरी से चलती है
- ग्रीन गॉल्फ कार्ट कर रही हैं श्रृद्धालुओं की सेवा

**संवाददाता**

**रांची।** पूरा देश महाकुंभ 2025 के रंग में रंगा है। आम इंसान हो या सिलेब्रिटी सब कम से कम एक दिन के लिए महाकुंभ 2025 में आने का मौका खोज रहे हैं। कुछ बिजनेस ग्रुप इस मौके को आध्यात्मिक संकल्प के तौर पर देख रहे हैं। महाकुंभ 2025 में अदाणी ग्रुप भी इस्कॉन के साथ मिलकर ऐसे ही आध्यात्मिक संकल्प को पूरा कर रहा है। ग्रीन एनर्जी के लिए देश और दुनिया भर में अदाणी ग्रुप का नाम जाना जाता है। महाकुंभ के मौके पर अदाणी ना सिर्फ अध्यात्मिक बल्कि ग्रीन एनर्जी और साफ-सुधरे वातारवरण के संकल्प को पूरा करने में भी लगा है। अदाणी द्वारा महाकुंभ मेले में प्रतिदिन 1 लाख लोगों को महाप्रसाद के वितरण का कार्यक्रम पूरी तरह से ग्रीन एंड क्लीन के मंत्र से चल रहा है। महाकुंभ में अदाणी-इस्कॉन के महाप्रसाद वितरण की पहल को लोकल दुकानदारों की भागीदारी से ही पूर्ण किया जा रहा है। लाखों लोगों के लिए प्रतिदिन खाना बनाने के लिए सब्जियों की खरीदारी पूरी तरह से लोकल दुकानदारों से की जाती है। हर रोज एक रसोई में 150 क्विंटल सब्जी की खपत होती है। पूरी महाकुंभ सिटी में इस तरह से 3 विशाल रसोई बनाए गए हैं।

इस लिहाज से प्रतिदिन लोकल दुकानदारों से 450 क्विंटल सब्जी की खरीदारी होती है। इसे प्रतिदिन सुबह खरीदकर किचन स्थल तक पहुंचाया जाता है। अदाणी-इस्कॉन पूरी तरह से ग्रीन फूड एंड क्लीन फूल के मंत्र पर काम कर रहा है। खाना बनाते और परोसते वक्त प्लास्टिक या पॉलिथीन का इस्तेमाल पूरी तरह से वर्जित है। सभी कार्य ऑर्गेनिक तरीके से ही किया जाता है। मिसाल के तौर पर खाना परोसने के लिए पत्ते से बनी थाली का इस्तेमाल किया जाता है और पानी पीने के लिए भी प्लास्टिक के गिलास का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इतना ही नहीं खाना जिन पत्तलों में परोसा जाता है उनकी खरीदारी पूरी तरह से लोकल दूकानदारों से की जाती है। रोज 3 लाख से ज्यादा पत्तलों का इस्तेमाल होता है जो पूरी तरह से ऑर्गेनिक होते हैं और इससे निकला कचरा पर्यावरण को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाता। खाना बनाने के लिए भी ग्रीन ईंधन का इस्तेमाल होता है। खाना पकाने के लिए एलपीजी गैस के साथ ही गाय के उपलों का इस्तेमाल किया जाता है। प्रतिदिन इस्तेमाल होने वाले हजारों किलो उपले इस्कॉन कि विभिन्न सेंटर्स और लोकल वेंडर्स की तरफ से उपलब्ध कराए जाते हैं। अदाणी समूह ने बैटरी से चलने वाली अपनी ग्रीन गॉल्फ कार्ट सेवा कुंभ मेला स्थल के सेक्टर 19 में स्थिति इस्कॉन द्वारा स्थापित केंद्र के पास शुरू की है।

# शेयर बाजार गिरावट का शिकार, निवेशकों को 1.27 लाख करोड़ की चपत

**नई दिल्ली। एजेंसी**




सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबारी सप्ताह के दौरान घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरी बार साप्ताहिक गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी निवेशकों की बिकवाली, कमजोर ग्लोबल संकतों, कच्चे तेल की कीमत में आई तेजी, डॉलर इंडेक्स की मजबूती और मुद्रा बाजार में रुपये पर बने दबाव की वजह से पूरे लगभग पूरे सप्ताह बाजार में नेगेटिव सेंटीमेंट्स हावी रहे। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई का सेंसेक्स 795.58 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,619.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एनएसई के निफ्टी ने 228.30 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,203.20 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। बाजार में आई गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद घट कर 428.40 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 429.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को सोमवार से शुक्रवार के कारोबार से करीब 1.27 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। पूरे सप्ताह के कारोबार के बाद बीएसई के लार्ज कैप इंडेक्स में साप्ताहिक आधार पर 0.50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस इंडेक्स में शामिल कंपनियों में से इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, विप्रो, माइक्रोटेक डेवलपर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, वरुण बेवरेजेज, यूनाइटेड स्पिरिट्स और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 5 से 10 प्रतिशत की गिरावट का शिकार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### भरतपुर अरोड़ा अस्पताल में दुर्घटना महिला को किया रक्तदान




**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** छात्रनेता देवेन्द्र सिंह हथैनी ने बताया कि हमारी ब्लड मोबाइल टीम गरीब पीड़ित जरूरतमंद लोगों को रक्तदान करती है गुलाबी निवासी हिंडोन उम्र 85 वर्ष जिसका दुर्घटना हो गई जिसका आपातकालीन ऑपरेशन होना था इसके कारण चिकित्सको ने 2 यूनिट रक्त की माँग की जिसमें से 1 यूनिट साथी कृष्णा ने महाराजा सूरजमल ब्लड सेंटर पर ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेट कर व्यक्ति की जान बचाई ! जिसमें ब्लड बैंक संचालक गौरव शर्मा व परिजनों ने इस नेक कार्य को देख कर छात्रनेता देवेन्द्र सिंह हथैनी,कृष्णा व समस्त टीम आभार प्रकट किया इस मोके पर गौरव गौतम, बंटू रावण, सागर उवार आदि साथी मोजूद रहे।

### बसेड़ी में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न



**चमकता राजस्थान/रामदास तरुण। धौलपुर/बसेड़ी।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर युवा मोर्चा विकास समिति बसेड़ी के द्वारा आज, 19 जनवरी 2025 को, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन श्री आत्मप्रभा उच्च माध्यमिक विद्यालय, बसेड़ी में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजू जोनवाल ने की, जबकि शुभारंभ जाटव विकास समिति के अध्यक्ष रोशन लाल नेताजी ने किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में बाबूलाल टेलर, छोटेलाल गिरदावर, अमर सिंह, भीकम सिंह, भगवान सिंह, हजारी लाल सहित युवा मोर्चा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में कुल 300 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 271 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए। परीक्षा केंद्र के संचालन में केंद्राध्यक्ष गोपाल सिंह कर्दम और उपकेंद्राध्यक्ष लख्मीचंद्र ने भूमिका निभाई। इस आयोजन में दीपक कुमार, अनुराग, भगवान सिंह, लवकुश मोरल, जीतेंद्र सिंह, और अन्य कई कर्मियों ने अपनी सेवाएँ दीं। युवा मोर्चा समिति के प्रवक्ता अंकुर सिंह ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के ज्ञान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होंगी और भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजनों को जारी रखा जाएगा।

### नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रचा इतिहास, कौशल बाल प्रतियोगिता 2025 के नतीजे घोषित



अनिका कुमारी (कक्षा - 1) प्रतीक मीणा (कक्षा - 2) हर्षिता मीणा (कक्षा - 3) एकांश मित्तल (कक्षा - 4) मोनू मीणा (कक्षा - 5)

**चमकता राजस्थान/ रामदास तरुण । धौलपुर।** टीम हर घर शिक्षा द्वारा आयोजित कौशल बाल प्रतियोगिता 2025 के प्रथम चरण के नतीजे घोषित कर दिए गए। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले के बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें प्रोत्साहन देना था। कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों ने इसमें हिस्सा लिया, और विजेताओं ने अपनी मेहनत और कौशल से सभी का दिल जीत लिया। कक्षा 1 में अनिका (दादुर, टोंटरी) प्रथम स्थान पर रहीं। हिमांशु (सूरजपुर, धौलपुर) ने दूसरा और चेतना (खानपुर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा 2 में प्रतीक (खानपुर मीना) ने पहला, दीपेश (बरौलीपुरा) ने दूसरा, और राज (बरौलीपुरा) ने तीसरा स्थान पाया।

कक्षा 3 में हर्षिता (बाड़ी) ने प्रथम स्थान, दिव्यांश (बथुआ खो) ने दूसरा, और हिमांशु (लिलोटी) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 में एकांश मित्तल (बाड़ी) ने प्रथम स्थान हासिल किया। तनु और गुरमीत ने दूसरा स्थान साझा किया, जबकि प्रिया (बथुआ खो) तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 5 में मोनू (खेमरी) ने पहला स्थान प्राप्त किया। शुभ्रांजलि, हर्ष, और प्रमोद ने दूसरा स्थान साझा किया, और उत्कर्ष (सूरजपुरा, धौलपुर) ने तीसरा स्थान हासिल किया। हर घर शिक्षा के संस्थापक रोहित मीणा ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके कौशल को पहचानने का एक सफल प्रयास है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, और बच्चों को इस पहल को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। अगले चरण के नतीजे जल्द ही घोषित किए जाएंगे।

# संघ के ध्वज को प्रणाम करना ही संघ की सदस्यता है : राधेश्याम पारेता, विभाग कार्यवाह

चमकता राजस्थान /रमेश मोदी






**चौमहला /झालावाड।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर शाखा खंड चौमहला के मंच से मुख्य वक्तता राधेश्याम पारेता बांरा विभाग कार्यवाह ने अपने संबोधन में कंहा की संघ वो पारस पत्थर है जिसके संपर्क में आने से मनुष्य साधारण से असाधारण हो जाता है , संघ के ध्वज को प्रणाम करना ही संघ की सदस्यता है इसके साथ ही संघ का मुख्य उद्देश्य देश भक्ति ,व निस्वार्थ सेवा , संघ को बाहर से नही जाना जा सकता है ,इसके उद्देश्यों को जानने के लिए संघ में शामिल होकर ही इसकी विचार धारा को जाना जा सकता है ,संघ में आकर व्यक्ति सारे अवगुण छूट जाते है ,और वह बाहर जाकर स्वछ समाज का निर्माण करता है ,अंत मे महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला ,मंच पर मुख्य अतिथि बनेसिंह जिला संध चालक रहे ,उद्बोधन के बाद कार्यक्रम के सूत्रधार रितेश निगम खंड कार्यवाह ने जानकारी देते हुवे बताया कि 9 वर्षों के बाद नगर में खंड स्तरीय भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुवा वापस मुन्नी देवी आदर्श विद्या मंदिर जाकर संचलन का समापन किया , भव्य ध्वज पथ संचलन के नगर भ्रमण के दौरान नगर में नागरिको व सामाजिक संगठनों ने 157 जगह स्वागत द्वार बनाये गए ,जंहा से स्वयं सेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।महिलाओं व बालिकाओं ने अपने घरों के आगे सुंदर ,आकर्षक रंगोलियां बनाई ,पथ संचलन में 712 स्वयं सेवकों व नगर के गणमान्य नागरिकों,बच्चों ने संघ के पूर्ण गणवेश के साथ पथ संचलन में भाग लिया । इस अवसर पर पुलिस प्रशासन का सराहनीय सहयोग रहा ,विशाल पथ संचलन को देखते हुवे पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के मद्देनजर कोटा व झालावाड़ पुलिस लाइन से जाप्ता बुलाने के अतिरिक्त, डग, उन्हेल, गंगधार थाने का पुलिस जाप्ता तैनात रहा ।

# टैम्पू पलटने से सडक हादसा-दो युवक सहित छह महिलाएं घायल

**पांच घायलों को किया रैफर, नदबई डहरा मार्ग पर गांव बैलारा के समीप हादसा**

चमकता राजस्थान




**नदबई,(राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बैलारा के समीप रविवार को असंतुलित होकर टैम्पू पलटने से दो युवक सहित छह अन्य महिला घायल हो गई। ग्रामीणों ने घायलों को एम्बूलेंस की सहायता से नदबई जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में पांच घायलों को गंभीर स्थिति के चलते रैफर कर दिया गया।

सूत्रों की मानें तो रूपवास थाना क्षेत्र के गांव नौहरदा निवासी धर्मेन्द्र जाटव पुत्र ओमप्रकाश जाटव, अपने अन्य परिजनों के साथ गांव लुहासा में अपने किसी रिश्तेदार की मौत होने पर शोक जताने जा रहा। इसी दौरान नदबई-डहरा मार्ग पर गांव बैलारा के समीप अचानक असंतुलित होकर सडक किनारे टैम्पू पलट गया। जिसके चलते धर्मेन्द्र जाटव सहित टैम्पू में सवार धीरज पुत्र रामचरन, पिंकी पत्न ी भीमसेन, सुनीता पत्नी भूरीसिंह, सोनिया पत्नी भोलू, कमलेश पत्न ी महावीर, बबली पत्नी नैमीचंद व रौना देवी पत्नी अतर सिंह घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया। बाद में धीरज, कमलेश, रौना देवी, बबली व सुनीता को जिला मुख्यालय रैफर कर दिया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

बाइक से गिरने पर महिला घायलः- नदबई-हलैना मार्ग पर खांगरी पुलिया के समीप चलती बाइक से असंतुलित होकर नीचे गिरने से एक महिला घायल हो गई। सूत्रों के अनुसार मांझी निवासी सुमन अपने पति पवन के साथ बाइक पर हलैना थाना क्षेत्र के गांव बेवर जा रही। इसी दौरान अचानक अंसतुलित होकर चलती बाइक से नीचे गिरने के चलते घायल हो गई। बाद में घायल महिला को नदबई चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### जनसंघ के संस्थापक सदस्य मेघराज व्यास का हुआ निधन,नगर में शोक

**चमकता राजस्थान/अनिल पुष्करणा/फलोदी।** बाप नगरपालिका मुख्यालय पर स्थाई निवास करने वाले जनसंघ के संस्थापक सदस्य 92 वर्षीय मेघराज व्यास का आज रविवार प्रातः स्वर्गवास हो गया।व्यास पूर्व मुख्यमंत्री भेरूसिंह शेखावत के अजीज थे।उनके साथ कई आंदोलनों में भाग लिया तथा जेल भी गए।व्यास जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वे परम गो भगत थे।बाप नगर के ऐतिहासिक मेघराज सर तलाब पर उन्होंने जनसहयोग से वेद भवन का निर्माण करवाया जहा संत, महात्मा आकर कथा प्रवचन करते थे ।स्थानीय बाप ऋषिगोपाल गो शाला संचालन में भी आपका अच्छा योगदान रहा।व्यास की धर्म पत्नी रतनी देवी बहुत धार्मिक विचार,पर्यावरण प्रेमी, सद गृहणी है।व्यास भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। इन्होंने शोक प्रकट कर परिजन पुत्र भवानी शंकर,चेतन प्रकाश,कन्हैयालाल व पत्नी रतनी देवी को विधायक पब्बाराम विश्नोई, महंत भगवान दास जांबा, संत सुखदेव नंदन वन गो शाला, रवि जैन फलोदी,खंड संघचालक मनसुख पालीवाल, घुड़ चंद कोठारी ऋषि गोपाल गो शाला अध्यक्ष, दुलीचंद राठी सावरा गांव गो शाला,अशोक चांडक महेश्वरी समाज अध्यक्ष,नगरपालिका अध्यक्ष लीलादेवी पालीवाल, पूर्व उप प्रधान जगदीश पालीवाल, किसनलाल पालीवाल, हरि माडपुरा भाजपा मंडल अध्यक्ष,मुरलीधर तंवर ओबीसी जिला अध्यक्ष,ओम राठी भारत विकास परिषद अध्यक्ष,अधिवक्ता संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट मदन शर्मा,लूणकरण शर्मा,अखेराज,दिलीप भाटी,मांगीलाल सियाक सीमाजन कल्याण समिति,व्यापारमंडल अध्यक्ष तिलोक राठी,कमल खत्री, उपाध्यक्ष नगरपालिका बाप गोपाल भट्टड़,भंवरलाल सुथार,गिरधारी हुड्डा,तेजकरण राठी, अनिल आचार्य,पार्षद ओम प्रकाश खत्री,राधे तंवर,घनश्याम ,दामोदर मेहता, बंसीलाल खत्री, पार्षद कमल भूतड़ा,प्रिंसिपल राधेश्याम खत्री,रमेश सेन,मोहन भैया,आदि ने सावंतना व्यक्त की है



### अखिल भारतीय किन्नर समाज का दस दिवसीय मंगला सम्मेलन 25 जनवरी से

- 3 हजार से अधिक गादीपतियो के पहुंचाने की संभावना
- बड़े स्तर पर की जा रही तैयारियों

**चमकता राजस्थान अनिल पुष्करणा/फलोदी।** अखिल भारतीय किन्नर समाज का मंगला सम्मेलन फलोदी की उन्नति, प्रगति, सुख समृद्धि की मगलकामना को लेकर किन्नर समुदाय का दस दिवसीय सम्मेलन 25 जनवरी से शुरू होगा। जिसको लेकर युद्ध स्तर पर तैयारियां कि जा रही है । आज एतिहासिक तैयारीयो का जायजा लेने आयोजन स्थल पर विस्की बाई के साथ मध्यप्रदेश गादीपति अनिता बाई पहुंची। ज्ञात रहे फलोदी में करीब पाच दशक बाद किन्नर समुदाय फलोदी जैसलमेर की गादीपति बिस्कीबाई द्वारा करवाए जा रहे इस सम्मेलन को लेकर उत्साह भी बना हुआ है। 25 जनवरी से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में देश के कोने कोने से 3 हजार से अधिक गादीपति भाग लेने की संभावना जताई जा रही है।

विस्की बाई ने बताया कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र व क्षेत्र वासियों की उन्नति प्रगति एवं सुख समृद्धि के लिए किया जा रहा है वही उन्होंने बताया कि इस दस दिवसीय आयोजित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से शोभायात्रा, माँ लटियालजी के चरणों में पादुका अर्पण करना , महायज्ञ, पुजा अर्चना, धार्मिक कार्यक्रम होंगे । उन्होंने बताया कि इस आयोजन को लेकर तैयारियां की जा रही है ।

### ढाढण शक्ति प्रचार मंडल जयपुर का विशाल शोभायात्रा एवं भजन संध्या धूमधाम से संपन्न



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** टीडा गेला दादीजी के दिव्य रथ का स्वागत जयपुर के दादी भक्तों के द्वारा किया गया श्री दुर्गा मंदिर अंबाबाड़ी में विशाल शोभा यात्रा की शुरुआत दादी जी की विशेष आरती के साथ की गई शोभायात्रा दोपहर 2:00 बजे उत्सव स्थल 2 सेक्टर विद्याधर नगर पहुंची भक्तों द्वारा दादी जी की प्रसादी लेने के बाद शाम 4:00 बजे से दादी जी का भव्य कीर्तन का शुभारंभ हुआ इस कीर्तन में सर्वप्रथम गणेश वंदना के साथ भजनों का शुरुवात की गई मूलचंद बजाज नेतन शर्मा प्रदीप बजाज प्रमोद पो-द्दार राजकुमार बजाज श्रीराम बजाज मुरारी बजाज ईशान बजाज के अलावा अन्य भक्तों ने दादी के दरबार में भावभीनी भजनों की प्रस्तुति दी संजय बजाज एवं ललित बजाज द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। दादीजी का विशेष आकर्षक श्रृंगार छप्पन भोग के साथ किया गया । दादी जी के दरबार में भक्तों द्वारा दादी जी को कचरा गजरा और मेहंदी लगाई गई भक्तों ने दादी जी को जयपुर की विशेष चुनडी उढ़ाई। विशेष अतिथियों का स्वागत माला दुपट्टा और स्मृति चिन्ह देखकर किया गया

### वंतारा में मिलेगा इस्कॉन के हाथियों को आजीवन देखभाल और प्यार

- वन्यजीवों को मिलेगा प्राकृतिक आवास और सकारात्मक प्रशिक्षण से नया जीवन

**चमकता राजस्थान/जामनगर।** अनंत अंबानी द्वारा स्थापित अत्याधुनिक पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र 'वंतारा' इस्कॉन मायापुर के दो हाथियों–18 वर्षीय विष्णुप्रिया और 26 वर्षीय लक्ष्मीप्रिया–का स्वागत करने के लिए तैयार है। यह कदम पिछले वर्ष अप्रैल में विष्णुप्रिया द्वारा अपने महावत पर घातक हमला करने की घटना के बाद उठाया गया, जिससे उनकी बेहतर देखभाल और अनुकूल माहौल की आवश्यकता उजागर हुई।



इस स्थानांतरण परियोजना को त्रिपुरा उच्च न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार समिति और सर्वोच्च न्यायालय की मंजूरी प्राप्त है। वंतारा में दोनों हाथियों को जंजीरों से मुक्त प्राकृतिक आवास में रखा जाएगा, जहाँ उन्हें विशेषज्ञ पशु चिकित्सा, मनोवैज्ञानिक देखभाल और सकारात्मक प्रशिक्षण मिलेगा। इस्कॉन की वरिष्ठ सदस्य ह्रीमती देवी दासी ने कहा, ''हमारी मान्यताओं के अनुसार हर जीवात्मा समान है। वंतारा में मुझे वही करुणा और आदर्श दिखे जो हम मानते हैं। विष्णुप्रिया और लक्ष्मीप्रिया यहाँ सुखी और स्वतंत्र जीवन बिताएंगी।''

पेटा इंडिया और अन्य संगठनों ने इस स्थानांतरण का समर्थन किया। वंतारा का मुख्य उद्देश्य हाथियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुधारना है। यहाँ उन्हें सामाजिक बंधन और स्वाभाविक जीवन का अनुभव मिलेगा, जो उनके पुनर्वास और समग्र कल्याण में सहायक होगा।

# जिला अग्रवाल युवा महासंघ के चुनाव संपन्न, पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन

चमकता राजस्थान/रामदास तरुण




धौलपुर/बाड़ी। बाड़ी कस्बे के श्री अग्रसेन विद्यापीठ विद्यालय में जिला अग्रवाल युवा महासंघ के चुनाव का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में अविनाश गर्ग (सरमथुरा) को अध्यक्ष, सौरभ सिंघल (सरमथुरा) को उपाध्यक्ष, रजत गर्ग (बस- ेड़ी) को महामंत्री और कुणाल बंसल (बाड़ी) को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चुनाव प्रभारी पी. सी. मंगल और उनके सहयोगी पप्पू गर्ग के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, उपाध्यक्ष मुन्नालाल मंगल, अग्रवाल सभा जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल, बाड़ी अग्रवाल महिला मंडल महामंत्री डॉ. निरमा सिंघल, और कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिलेभर के अग्र युवा बंधु और वरिष्ठ नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के एकजुटता और विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के हित में समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929